卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक
उत्तरांचल दर्पण
♦वर्ष 26 ♦अंक 193 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦20 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया

# युवाओं के कौशल और साहस से ही बनेगा विकसित उत्तराखंड: धामी

## श्रीनगर के चौरास परिसर में 'सूर्या देवभूमि चैलेंज 2.0' का भव्य आयोजन,मुख्यमंत्री ने किया युवाओं का उत्साहवर्धन

श्रीनगर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के चौरास परिसर, टिहरी में आयोजित 'सूर्या देवभूमि चौलेंज 2.0' कार्यक्रम में शिरकत की। भारतीय सेना के सूर्या कमांड और राज्य सरकार के साझा प्रयासों से आयोजित इस साहसिक खेल प्रतियोगिता के दौरान मुख्यमंत्री ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि ऐसे आयोजन राज्य के युवाओं के शारीरिक और मानसिक कौशल को निखारने के साथ-साथ उनमें राष्ट्रभक्ति की भावना को और भी सुदृढ़ करते हैं। मुख्यमंत्री ने






अपने संबोधन में भारतीय सेना के 'सूर्या कमांड' का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेना न केवल सीमाओं की रक्षा करती है, बल्कि हमारे युवाओं को नई राह दिखाने का कार्य भी कर रही है। उन्होंने कहा कि 'सूर्या देवभूमि चैलेंज' जैसे कार्यक्रम राज्य के दुर्गम क्षेत्रों के युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता में विभिन्न शारीरिक और साहसिक बाधाओं को पार कर प्रतिभागियों ने अपने अदम्य साहस का परिचय दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा को खेलों और कौशल विकास की ओर लगाएं। उन्होंने 'नशा मुक्त देवभूमि' के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि सशक्त और स्वस्थ युवा ही उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। सीएम धामी ने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को हर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने युवाओं को स्वरोजगार और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित (शेष पृष्ठ सात पर)

# यमुनोत्री धाम यात्रा पर आए दो और श्रद्धालुओं की मौत

बड़कोट/उत्तरकाशी (उद संवाददाता)। यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए दो श्रद्धालुओं की मौत से यात्रा मार्ग पर हड़कंप मच गया है। धाम की यात्रा के दौरान अब तक यह दूसरी और तीसरी मौत की घटना सामने आई है। जानकीचट्टी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों के अनुसार, मृतकों में एक महिला श्रद्धालु मध्य प्रदेश और एक बुजुर्ग श्रद्धालु महाराष्ट्र के निवासी थे। पहली घटना जानकीचट्टी की है, जहाँ स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर हरदेव सिंह पंवार ने बताया कि देर रात इंदौर (मध्य प्रदेश) निवासी 40 वर्षीय महिला श्रद्धालु प्रतिभा मिश्रा को अचेतन अवस्था में अस्पताल लाया गया था। चिकित्सकों द्वारा परीक्षण किए जाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी है, जिसके बाद पुलिस अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुट गई है। इससे पूर्व, रविवार दोपहर करीब पौने चार बजे एक नेपाली मजदूर द्वारा एक अन्य व्यक्ति को मृत अवस्था में जानकीचट्टी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। चिकित्सकों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मृतक की पहचान(शेष पृष्ठ सात पर)

# स्कार्पिओ और स्कूटी की भिड़ंत में तीन युवकों की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रविवार देर रात्रि हल्द्वानी मार्ग पर संजयवन के पास तेज गति से जाती स्कार्पियो व स्कूटी के मध्य हुई भिड़न्त में स्कूटी सवार तीन युवकों की मौत हो गई। बताया जाता है कि स्कूटी सवार युवक हल्द्वानी में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होकर घर वापस लौट रहे थे। घटना की जानकारी मिलने पर सिडकुल थाना पुलिस व युवकों के साथी मौके पर आ गये। सभी युवकों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहा चिकित्सकों ने तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर मृतक युवकों के परिजन भी आ पहुंचे



और उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने तीनों मृतकों के शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम मडुआखेड़ा जसपुर निवासी 21 वर्षीय अनिकेत कश्यप पुत्र राजेन्द्र सिंह, 26 वर्षीय आकाश कश्यप पुत्र गंगाराम निवासी सिविल लाईन रामपुर व ग्राम बदेड़ी रूढ़की निवासी 22 वर्षीय रोहन पुत्र कमल यहां ग्राम छतरपुर में किरायेदार के रूप में रहकर अशोक लेलेंड कम्पनी में काम करते थे। बताया जाता है की सायं तीनों साथी हल्द्वानी में अपने दोस्त के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए स्कूटी संख्या यूके 06 बीसी 8764 पर सवार होकर गये थे। जहां से वह स्कूटी पर सवार होकर घर वापस लौट रहे थे। जब वह संजयवन के पास पहुंचे तो सामने की ओर से तीव्र गति से आती स्कार्पियो संख्या यूके 04 एएच 3738 के अज्ञात चालक ने स्कूटी को जोर से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि स्कूटी स्कार्पियोके नीचे चेसिस में फंस गई और काफी दूर तक घिसटते चली गई। इस हादसे में स्कूटी सवार उक्त तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। स्कार्पियो चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। राह गुजरते लोगों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही(शेष पृष्ठ सात पर)

# गुलदार की खाल के साथ तस्कर गिरफ्तार

## दो मीटर लंबी खाल बरामद, फंदा लगाकर शिकार करने का खुलासा

चंपावत (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के चंपावत जिले में एसओजी और वन विभाग की संयुक्त टीम ने वन्यजीव तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गुलदार की खाल के साथ गिरफ्तार किया है। वर्ष 2026 में यह दूसरी बड़ी बरामदगी मानी जा रही है, जिससे वन्यजीव तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत एसओजी, रीठा साहिब थाना पुलिस और वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप



से कार्रवाई की। यह गिरफ्तारी रीठा साहिब क्षेत्र में पुराने थाना बैरियर के पास चेकिंग के दौरान की गई, जहां टीम ने एक संदिग्ध स्कूटी को रोका और तलाशी ली। तलाशी के दौरान स्कूटी सवार दीपक सिंह बोहरा के पास से (शेष पृष्ठ सात पर)

# लकड़ी तस्करों ने वन विभाग की टीम पर की फायरिंग

## पेड़ कटान रोकने पहुंचे वन बीट अधिकारी घायल, बाल-बाल बची जान

रामनगर (उद संवाददाता)। तराई पश्चिमी वन प्रभाग के नाथुपुर छोई क्षेत्र में अवैध पेड़ कटान रोकने गई वन विभाग की टीम पर लकड़ी तस्करों ने जानलेवा हमला कर दिया। तस्करों ने न केवल वनकर्मियों के साथ हाथापाई की, बल्कि भागते समय उन पर फायरिंग भी की, जिसमें वन बीट अधिकारी बाल-बाल बच गए। तस्करों के हमले में घायल वनकर्मी को उपचार के लिए रामनगर के संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह वन विभाग को सूचना मिली कि नदी किनारे कुछ लोग अवैध रूप से पेड़ों का कटान कर रहे हैं। सूचना मिलते ही वन बीट अधिकारी विमल चौधरी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां आरोपी पहले ही पेड़ काट चुके थे और लकड़ी को बाइक पर लादने की तैयारी कर रहे थे। जब टीम ने आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने विरोध करना शुरू कर दिया।विमल चौधरी ने बताया कि तस्करों में से एक के पास पिस्तौल थी। जब उन्होंने हथियार छीनने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उनके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू कर दी, जिससे वह घायल हो गए। इसके बाद तीनों आरोपी एकजुट होकर टीम पर हावी हो गए। आरोप है कि मौके से भागते समय आरोपियों ने वन विभाग की टीम पर फायरिंग भी की, लेकिन निशाना चूक जाने से बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और वन विभाग के उच्चाधिकारियों को मामले की सूचना दी गई। वन विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस और वन विभाग की टीमें आरोपियों की तलाश में जुट गई हैं। पुलिस ने हमलावरों को शीघ्र पकड़ने का दावा किया है।

# आदेश और शैलेंद्र के आमने-सामने को लेकर माहौल गरम

## शाम पांच बजे मुलाकात को लेकर सियासी पारा हाई, पुलिस अलर्ट

जसपुर। क्षेत्र की सियासत में विधायक आदेश सिंह चौहान और पूर्व विधायक डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल के बीच चल रहा विवाद अब आमने- सामने की चुनौती तक पहुंच गया है। दोनों नेताओं ने आज शाम 5 बजे बीएसपी इंटर कॉलेज मैदान में मिलने का एलान किया है, जिससे पूरे इलाके में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। विवाद की शुरुआत ठाकुर मंदिर चौक पर प्रतिमा स्थापित करने को लेकर हुई, जो अब खुली सियासी टकराहट में बदल चुकी है। 15 अप्रैल को प्रतिमा स्थापना को लेकर दोनों पक्षों के बीच तनातनी शुरू हुई,



जिसके बाद 18 अप्रैल को पूर्व विधायक सिंघल ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर विधायक पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि बिना प्रशासनिक अनुमति के प्रतिमा स्थापित करने की कोशिश की जा रही है, जो नियमों और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। पूर्व विधायक डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल ने साफ कहा कि यदि प्रतिमा प्रशासन की अनुमति से स्थापित की जाती है और विधायक आदेश सिंह चौहान सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हैं, तो वह इस विवाद से पीछे हटने को तैयार हैं। साथ ही उन्होंने तय समय पर मौके पर पहुंचकर अपनी बात रखने की बात भी दोहराई। वहीं विधायक आदेश सिंह चौहान ने भी पलटवार करते हुए चुनौती स्वीकार कर ली है। उन्होंने कहा कि वह निर्धारित समय से 15 मिनट पहले ही मैदान में पहुंचेंगे और लगाए गए सभी आरोपों का जवाब देंगे। उन्होंने अपने समर्थकों से (शेष पृष्ठ सात पर)

# कैंटर की टक्कर से घायल ई-रिक्शा चालक की मौत

काशीपुर (उद संवाददाता)। कैंटर की जोरदार टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए एक ई-रिक्शा चालक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। चालक की मौत की खबर मिलते ही उसके परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।जानकारी के अनुसार, बीते दिवस सरबरखेड़ा निवासी जाकिर (पुत्र जफरा) अपने ई-रिक्शा के साथ जा रहा था। इसी दौरान सूर्य रोशनी लिमिटेड के पास एक तेज रफ्तार कैंटर चालक ने उसके रिक्शे को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में जाकिर गंभीर रूप से घायल हो गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल जाकिर को तत्काल मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उसका उपचार चल रहा था।बीती शाम जाकिर की हालत अचानक अधिक बिगड़ने पर उसे काशीपुर के सरकारी अस्पताल लाया गया, लेकिन यहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जाकिर की मौत से उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वह अपने पीछे पत्नी शाजिया, पुत्र मन्नत, भाई जावेद व नजीर और वृद्ध माता-पिता को रोता-बिलखता छोड़ गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है, वहीं फरार कैंटर चालक की तलाश की जा रही है।

# कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए एसएसपी ने कसे अधीनस्थों के पेंच

## मासिक अपराध गोष्ठी में अपराधों की हुई समीक्षा, उत्कृष्ट कार्य करने वाले 29 पुलिसकर्मी सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिंह नगर अजय गणपति की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय रूद्रपुर में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थाना व कोतवाली प्रभारी और शाखा प्रभारियों ने प्रतिभाग किया। गोष्ठी के प्रारंभ में पिछले माह दिए गए दिशा निर्देशों की समीक्षा की गई और उनके अनुपालन की स्थिति का आंकलन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने सभी अधिकारियों को अपने कार्यों के प्रति अधिक जवाबदेह और सतर्क रहने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों की व्यक्तिगत और पारिवारिक समस्याओं की जानकारी लेकर उनके त्वरित समाधान के लिए आश्वस्त किया। ड्यूटी के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले 29 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अपराध नियंत्रण के लिए कड़े निर्देश जारी करते हुए कहा कि प्रत्येक थाने में बीट पुलिसिंग को मजबूत कर ई बीट बुक एप्लीकेशन का शत प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ऑपरेशन प्रहार के तहत अपराधियों के विरुद्ध सघन कार्यवाही करने और इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित करने के निर्देश दिए। एनबीडब्ल्यू और बीडब्ल्यू वारंटों की शत प्रतिशत तामील सुनिश्चित करने के साथ ही किरायेदारों के सत्यापन के लिए सघन अभियान चलाने को कहा गया ताकि संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखी जा सके।एसएसपी ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्ती बरतने और मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों में त्वरित अभियोग पंजीकृत कर प्रभावी कार्यवाही की जाए। लंबित विवेचनाओं और शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र निस्तारण करने के साथ ही सभी पोर्टलों पर कार्यवाही अपडेट की जाए। फायर स्टेशन के साथ समन्वय बनाकर होटलों, रिजॉर्ट्स और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर फायर ऑडिट करने के निर्देश भी दिए गए। अजय गणपति ने स्पष्ट किया कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखना और आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ कर्तव्य निर्वहन करते हुए जनपद को अपराध मुक्त बनाने के लिए निर्देशित किया।




# सितारगंज के शस्त्र लाइसेंसों से तस्कर खरीदते थे कारतूस ?

## सितारगंज में गिरफ्तार तस्करों ने उगले राज,जांच जारी

**हनीफ बाबा**

सितारगंज। अवैध असलहा, कारतूस बरामदगी के मामले में गिरफ्तार तस्कर हरेंद्र सिंह उर्फ हनी और निखिल वर्मा ने पुलिस जांच में कई सनसनी खेज राज उगले हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया है कि उन्होंने सितारगंज के कई शस्त्र धारकों के लाइसेंस का इस्तेमाल कर कारतूस खरीदे थे। जिससे संदिग्ध लाइसेंस धारक रडार पर आ गए हैं। गिरफ्तार असलहा तस्करों के तार आतंकी संगठन से भी जुड़ गए हैं। पुलिस की स्पेशल टीमें इस प्रकरण में बारीकी से जांच पड़ताल कर रही हैं। इसी माह 8 अप्रैल को सितारगंज चोरगलिया के जंगल में भारी संख्या में पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की टीम ने अवैध हथियार और 300 कारतूस बरामद किए थे। इस मामले में पुलिस ने सितारगंज के रहने वाले हरेंद्र और हनी और निखिल वर्मा को गिरफ्तार किया था। पुलिस पूछताछ में दोनों तस्करों ने बताया कि उनके संपर्क आतंकी रेहान से हैं। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर दोबारा पूछताछ की। आरोपियों ने पुलिस को पूछताछ में बताया है कि भारी संख्या में उन्होंने जो कारतूस खरीदे हैं। वे कारतूस खरीदने के लिए सितारगंज के शस्त्र लाइसेंस धारकों के लाइसेंस का दुरुपयोग किया है। इसके बाद पुलिस की रडार पर सितारगंज के संदिग्ध असलहा लाइसेंस धारक आ गए हैं। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की टीम जल्द ही तस्करों को कारतूस खरीदने के लिए लाइसेंस देने वाले सितारगंज के संदिग्धों से पूछताछ कर सकती है। पुलिस की जांच में तस्करों के संपर्क में रहने वाले संदिग्ध लाइसेंस धारकों की गर्दन फंस सकती हैं।

### जम्मू कश्मीर में जाकर पुलिस करेगी जांच

सितारगंज। गिरफ्तार असलहा तस्करों के तार आतंकी संगठन के सदस्य जुड़ने के मामले में पुलिस जम्मू कश्मीर में जाकर इस मामले की जांच कर सकती हैं। आतंकी संगठन के सदस्य रेहान मीर से असलहा तस्कर के संपर्क सामने आएं हैं। पुलिस एसओजी और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल इस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के प्रभारी उमेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुष्टि होने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# मौजूदा लोकसभा सीटों पर ही लागू हो महिला आरक्षण:अमनदीप

## ऐपवा नेता ने परिसीमन अधिनियम को बताया संघीय ढांचे पर हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला संगठन ऐपवा की नेता और प्रदेश बार काउंसिल की सदस्य अमनदीप कौर ने महिला आरक्षण बिल के बहाने परिसीमन अधिनियम को लाने को एक गहरी साजिश करार दिया है। उन्होंने मांग की



है कि महिला आरक्षण को बिना किसी शर्त के वर्तमान लोकसभा सीटों पर ही तुरंत लागू किया जाना चाहिए। प्रेस को जारी बयान में एडवोकेट अमनदीप कौर ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार वास्तव में महिला आरक्षण लागू नहीं करना चाहती है और इसका दोष विपक्ष पर मढ़कर उसे महिला विरोधी दिखाना चाहती है। उन्होंने कहा कि ऐपवा सहित तमाम विपक्षी दलों ने इसे वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से ही लागू करने की मांग की थी, लेकिन सरकार इसे वर्तमान 543 सीटों के बजाय परिसीमन के बाद 850 सीटों पर लागू करने की योजना बना रही है। अमनदीप कौर ने कहा कि संसद के विशेष सत्र में परिसीमन बिल लाकर भाजपा सरकार देश के संघीय और लोकतांत्रिक ढांचे पर हमला करना चाहती है। उन्होंने दावा किया कि परिसीमन के बाद सीटों की संख्या में जो बढ़ोतरी होगी, उसका सीधा फायदा भाजपा को होगा क्योंकि यह वृद्धि मुख्य रूप से भाजपा प्रभाव वाले राज्यों में होगी, जबकि दक्षिण भारत के राज्यों को इससे नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा विपक्ष को कोसते हैं, लेकिन अंकिता हत्याकांड, महाराष्ट्र के अशोक खरात यौन शोषण कांड और बिहार के बालिका गृहों जैसे मामलों में चुप्पी साध लेते हैं। अमनदीप कौर ने स्पष्ट किया कि अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) की यह मान्यता है कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण मिलना ही चाहिए। उन्होंने वर्ष 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम में जनगणना और परिसीमन की शर्त जोड़ने की कड़े शब्दों में आलोचना की। उन्होंने लोकतंत्र विरोधी परिसीमन बिल के संसद में गिर जाने का स्वागत करते हुए पुन: दोहराया कि महिलाओं को उनका संवैधानिक हक बिना किसी जनगणना या परिसीमन की शर्त के तत्काल दिया जाना चाहिए।

# अम्बेडकर के विचारों की दी जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम जय नगर में डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती संघर्ष समिति द्वारा डा. अम्बेडकर की 135 वीं जयंती मनाई गई। वक्ताओं ने भीमराव अम्बेडकर के उप विचारों व संविधान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि डा. भीमराव का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। वह भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार, महान समाज सुधाकर, अर्थशास्त्री और स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री थे। उन्होंने छुआछूत और जातिगत भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया। दलित महिलाओं व श्रमिकों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई। वक्ताओं ने कहा कि डा. अम्बेडकर ने जीवन के अंतिम वर्षों में हिन्दू धर्म में व्याप्त जाति व्यवस्था से निराश होकर 14 अक्टूबर 1956 को अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपना लिया। इस दौरान पौधारोपण भी किया गया। इस मौके पर प्रमोद, रिंकू बाबा, नीलिमा कोली, पंचदेव आनन्द, चरणजीत सिंह, मदन भारती व सुनील आदि रहे।


KRIBHCO

**कृषक भारती को-आपरेटिव लिमिटेड ( कृभको )**
**बीज उत्पादन इकाई, रुद्रपुर ( उत्तराखंड )**

**गेहूँ बीज स्विपेज की बिक्री हेतु निविदा सूचना**

कृषक भारती कोआपरेटिव लि०, रुद्रपुर की बीज उत्पादन इकाई के आजादनगर, किच्छा स्थित गोदाम में गेहूँ बीज स्विपेज की कुल मात्रा 46.32 कुंटल विगत वर्ष 2025-26 के बीज विधायन सत्र के दौरान प्राप्त हुआ है। गेहूँ बीज स्विपेज की उक्त मात्रा को सील बंद निविदा प्रक्रिया के द्वारा जहाँ और जैसा है की स्थिति में है, के आधार पर बिक्री किया जाना प्रस्तावित है। उक्त सम्भार की निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करने वाली पार्टी का जी०एस०टी० में पंजीकृत होना आवश्यक है । निविदा प्रक्रिया में भाग लेने वाली पार्टियाँ किसी भी कार्य दिवस में कृभको की अधिकारिक ई-मेल पता smokribhcoddn@yahoo.co.in के माध्यम से अथवा कृभको बीज इकाई के आजादनगर स्थित कार्यालय से निर्धारित निविदा प्रपत्र एवं निविदा में आवश्यक नियम एवं शर्तों के प्रपत्र प्राप्त कर सकती है। जिन्हें पूर्ण रूप से भरकर किसी भी कार्य दिवस में कृभको राज्य विपणन कार्यालय के निम्न पते पर डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर दिनांक 11.05.2026 समय पूर्वाह्न 11:30 बजे तक जमा कराये जा सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे निविदा के साथ धरोहर धनराशि रु. 2,000.00 को RTGS/NEFT/IMPS/DD के माध्यम से निविदा प्रारूप में अंकित कृभको के बैंक खाते में हस्तांतरित करने होंगे एवं अधिकतम दरों वाले निविदा दाता को गेहूं बीज स्विपेज की मात्रा को उठाने से पूर्व स्थानीय मण्डी समिति किच्छा में नियमानुसार मण्डी शुल्क जमा कर रसीद की प्रति कृभको को उपलब्ध करानी होगी। उपरोक्तानुसार अंतिम तिथि व समय तक प्राप्त निविदाओं को गठित कमेटी द्वारा दिनांक 11.05.2026 समय अपराह्न 02:00 बजे इच्छुक निविदा दाताओं के समक्ष खोला जायेगा।

निविदा प्रक्रिया को बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

राज्य विपणन प्रबंधक
30, आकाशदीप कॉलोनी, चकराता रोड, देहरादून,
उत्तराखंड, पिन कोड- 248001
फोन न० 0135-2539294
ई-मेल पता- smokribhcoddn@yahoo.co.in


# चैती मेले से बाईक चोरी

काशीपुर। चैती मेले आये एक व्यक्ति की बाइक अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया है।किया नं. 1 ढकिया कलां निवासी मनीष पुत्र कलवा ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 9 अप्रैल की रात्रि करीब 10 बजे चौती मेले आया था तथा उसने अपनी यामहा एमटी-15 बाइक सं. यूके18यू-1649 को मोटेश्वर मंदिर के पास खड़ी की और मेले के अंदर प्रसाद लेने चला गया। थोड़ी देर बाद जब वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# दर्जनों लोगों ने थामा आम आदमी पार्टी का दामन

गदरपुर । आगामी विधानसभा चुनाव 2027 के मद्देनजर आम आदमी पार्टी ने अपनी सांगठनिक गतिविधियों को धार देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में गदरपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान पार्टी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी महेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि सह प्रभारी हरनीत सिंह और नैनीताल लोकसभा क्षेत्र के सह प्रभारी तारीफ सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, क्षेत्र में सक्रिय सुभाष व्यापारी को गदरपुर विधानसभा क्षेत्र से 'आप' का संभावित प्रत्याशी माना जा रहा है। समारोह के दौरान पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर सैकड़ों स्थानीय लोगों ने आम आदमी



पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और आगामी चुनाव में उत्तराखंड में आप की सरकार बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं पर गहन मंथन किया गया, जिसमें किसानों की बदहाली, बढ़ती बेरोजगारी और बुनियादी विकास की कमी के मुद्दे प्रमुखता से छाए रहे। पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि जनता अब पारंपरिक दलों से ऊब चुकी है और विकास के दिल्ली व पंजाब मॉडल की ओर देख रही है। संभावित प्रत्याशी के रूप में चर्चाओं में रहे सुभाष व्यापारी ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि पार्टी उन्हें सेवा का अवसर देती है, तो वे गदरपुर की जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरेंगे। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वे किसी भी संघर्ष से पीछे नहीं हटेंगे।

# नवनियुक्त युवा कांग्रेस पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत

शक्तिफार्म। नवनियुक्त युवा कांग्रेस पदाधिकारियों के सम्मान में शक्तिफार्म क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा एक भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी जोश देखने को मिला और संगठन की मजबूती के साथ जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। समारोह की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलवन्त बोहरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों शादाब अंसारी (ब्लॉक अध्यक्ष,



सितारगंज), सुमिन्दर यादव (विधानसभा अध्यक्ष), अमित सरकार (ब्लॉक अध्यक्ष, शक्तिफार्म) और विजेन्द्र सिंह मोमी (प्रदेश सचिव, युवा कांग्रेस) का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और संगठन को बूथ स्तर तक ले जाने पर जोर दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संसद में परिसीमन बिल के गिरने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे लोकतंत्र के हित में बताया।इस अवसर पर नवतेजपाल सिंह, हरपाल सिंह, करन जंग, सुकुमार चक्रवर्ती, विनय विश्वास, भगवान पांडे, विभूति नारायण, गुड़िया अधिकारी, सपना ओझा, विष्णु तरफदार, प्रशांत मंडल, शशि विश्वास, उत्तम हालदार, आरके भारती, सुनील हालदार, मनोज सूतार, प्राण मंडल, मनोरंजन मिस्त्री, लक्ष्मी चौधरी, सावित्री हालदार, जिन्दर सिंह, नारायण सरकार और दिनेश सिंह बोहरा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**सूचना नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम NASREEN BANO से बदलकर NASARIN रख लिया है मुझे भविष्य में मेरे नये नाम NASARIN से ही जाना पहचाना जाए।
-नसरीन पत्नि मो. ताहिर
सिरौलीकलां किच्छा उधमसिंहनगर

# बाबा साहेब के विचारों से सामाजिक समरसता होगी मजबूत

## भाजपा कार्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन




हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी कुमाऊँ संभाग कार्यालय हल्द्वानी में रविवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया । जिला भाजपा नैनीताल जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट की अध्यक्षता एवं सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर प्रकाश चंद्र की गरिमामई उपस्थिति में आयोजित इस संगोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया । इस अवसर पर बाबा साहब के जीवन, विचारों और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित नैनीताल ऊधमसिंह नगर लोकसभा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के अंतिम व्यक्ति को अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया । उन्होंने कार्यकर्ताओं से बाबा साहब के विचारों को जन जन तक पहुंचाने और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने की अपील की । भट्ट ने डॉ. अंबेडकर के जीवन को संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक बताया जिनके विचार आज भी समाज को दिशा प्रदान कर रहे हैं । अपने संबोधन में उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पास ना होने देने पर संसद में विपक्ष के महिला विरोधी चेहरे को उजागर करते हुए कड़े शब्दों में निंदा की ।संगोष्ठी में नैनीताल विधायिका सरिता आर्य और प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने भी अपने विचार रखे । गोष्ठी का संचालन कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष नवीन भट्ट, सह संयोजक जिला मंत्री प्रकाश आर्य एवं जिला अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष रविन्द्र बाली द्वारा किया गया । इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल, दर्जा राज्य मंत्री रेनू अधिकारी, प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र सिंह नेगी, प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा संजीव कुंवर, जिला महामंत्री रंजन सिंह बर्गली, विनीत अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष प्रगति जैन, जिला सोशल मीडिया संयोजक संजय पांडे, सह संयोजक रत्नेश साह, जिला आई टी संयोजक अमित चौधरी, जिला सह मीडिया प्रभारी विनोद तिवारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा सोबन सिंह नायक, प्रदेश महिला मोर्चा मंत्री विजयालक्ष्मी चौहान, पूर्व हल्द्वानी महापौर जोगिंदर सिंह रौतेला, वरिष्ठ भाजपा नेता हरीश पांडे उपस्थित रहे । साथ ही हल्द्वानी, काठगोदाम, नैनीताल, रामनगर एवं गौलापार मण्डलों के मंडल अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय, नीरज बिष्ट, नितिन कार्की, पान सिंह मेवाड़ी सहित प्रदेश, जिला, मंडलों एवं मोर्चों के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे । गोष्ठी के समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने सामाजिक न्याय और समानता के संदेश को आगे बढ़ाने तथा बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए कांग्रेसी नेताओं ने सौंपा ज्ञापन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। पूर्व बंगाली कल्याण समिति के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध भागवत कथावाचक रामचन्द्र राय पर हुए जानलेवा हमले के तीन माह बीत जाने के बावजूद पुलिस के हाथ खाली हैं। मामले का अब तक खुलासा न होने से क्षेत्र में रोष लगातार बढ़ता जा रहा है। इस गंभीर प्रकरण को लेकर सोमवार को कांग्रेसी नेताओं ने चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। गौर तलब है कि विगत 6 जनवरी की शाम करीब 6 बजे शक्तिफार्म नंबर एक बैकुंठपुर निवासी रामचन्द्र राय सड़क किनारे टहल रहे थे, तभी अज्ञात हमलावरों ने उन पर अचानक जानलेवा हमला कर दिया था। घटना के तीन महीने बाद भी पुलिस हमलावरों का कोई ठोस सुराग नहीं जुटा सकी है। ज्ञापन सौंपने पहुंचे कांग्रेसी नेताओं ने स्पष्ट कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे जनआंदोलन के लिए मजबूर होंगे। पदाधिकारियों ने क्षेत्र में पुलिस की सामान्य कार्यशैली की तो सराहना की, लेकिन इस विशेष मामले में बरती जा रही ढिलाई पर गहरी चिंता जताई। नेताओं का कहना है कि इतने संवेदनशील मामले में कार्रवाई का अभाव न सिर्फ पीड़ित परिवार बल्कि आमजन के भरोसे को भी कमजोर कर रहा है। उन्होंने मांग की कि पुलिस इस मामले का शीघ्र खुलासा कर दोषियों को सलाखों के पीछे भेजे। ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य, पूर्व राज्य मंत्री बलवंत बोरा, विनय विश्वास, अमित सरकार, सुमिंदर यादव, प्रशांत मंडल, विभूति प्रसाद, श्रीकांत मिश्री, गौतम हालदार, उत्तम हालदार और सुनील हालदार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द परिणाम नहीं मिले तो क्षेत्र में व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा।



# ट्रेन में लूट के मामले के चार बदमाश गिरफ्तार

## दुकान का पुराना कर्मी निकला मास्टरमाइंड, नगदी व हथियार बरामद

रुद्रपुर । पांच दिन पूर्व संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में पुलिसकर्मी बनकर रुद्रपुर से दुकान का सामान लेने दिल्ली जा रहे एक दुकान के दो कर्मियों से लाखों की लूट करने वाले बदमाशों से शनिवार देर रात जीआरपी उत्तर प्रदेश टीम से मुठभेड़ हो गई। बदमाशों ने टीम को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में जीआरपी की गोली एक बदमाश के पैर में लगी, जबकि तीन अन्य को भागते समय पकड़ लिया गया। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गौरतलब हो कि 15 अप्रैल को संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में रितिक मंडल और उसका साथी साहिब सिंह नगर के एक स्पेयर पार्ट्स कारोबारी की दुकान का सामान लेने दिल्ली जाने के लिए सवार हुए थे। दोनों के पास लाखों की नकदी थी। ट्रेन जब बिलासपुर स्टेशन के पास पहुंची तो बदमाशों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर दोनों को गेट के पास बुलाया और तमंचे के बल पर करीब 2.5 लाख रुपये लूट लिए। इसके बाद फायरिंग करते हुए फरार हो गए थे। घटना के बाद व्यापारी मनजीत सिंह द्वारा जीआरपी थाने में मुकदमा दर्ज कर करा दिया गया था। जिसके बाद जीआरपी, आरपीएफ और सीआईबी की टीमें आरोपियों की तलाश में जुट गई थीं। शनिवार देर रात उत्तराखंड बॉर्डर के पास बदमाशों की लोकेशन मिलने पर जीआरपी टीम ने घेराबंदी की। मौके पर मौजूद चारों बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में नानकमत्ता निवासी मिश्रा सिंह के पैर मेंगोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। इस दौरान उसके साथी रुद्रपुर के रम्पुरा निवासी गौरव, नानकमत्ता के ढयूड़ी निवासी गुरदेव उर्फ डेविड और रम्पुरा निवासी भारत भागने लगे। जिन्हें जीआरपी ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस ने उनके पास से 1.38 लाख की नगदी, 315 बोर के दो तमंचे, एक कारतूस व दो खोखे बरामद किए। पुलिस उनके अन्य साथियों की तलाश कर रही है। बताया जाता है कि पकड़ा गया बदमाश गौरव पूर्व में व्यापारी की दुकान में काम कर चुका है। दो माह पहले ही उसने नौकरी छोड़ी थी। इधर यहां जनपद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने कहा है कि गिरफ्तार बदमाशों के आपराधिक रिकार्ड खंगालने के निर्देश दे दिए गए हैं।

# 2027 में भाजपा फिर रचेगी कीर्तिमान:भगत



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिला योजना समिति की बैठक में दिए गए अपने बयान को लेकर उत्पन्न भ्रम पर कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने मीडिया को जारी बयान में कहा कि उनके कथन ष्मैं बता नहीं सकता, 2027 मुश्किल हो जाएगाष् को कुछ लोगों द्वारा गलत संदर्भ में प्रस्तुत कर पार्टी और सरकार की छवि को कमजोर दिखाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि उनके कहने का आशय बिल्कुल अलग था।विधायक बंशीधर भगत ने स्पष्ट रूप से कहा कि भारतीय जनता पार्टी वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में अपने विकास कार्यों के दम पर पुनः शानदार विजय हासिल करेगी और सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व उत्तराखंड को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में काम कर रहा है। चार धाम ऑल वेदर रोड, रेल परियोजनाएं और बॉर्डर कनेक्टिविटी जैसी बड़ी योजनाओं से देवभूमि की पहचान वैश्विक स्तर पर मजबूत हुई है।अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर कड़ा रुख अपनाते हुए विधायक ने बताया कि बैठक के दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों को लेकर नाराजगी जताई थी। शहर में लंबे समय से सड़कों के खोदे जाने और समय पर उनका पुनर्निर्माण न होने के कारण जनता को भारी असुविधा हो रही है जिससे लोगों का धैर्य जवाब दे रहा है। भगत ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि सरकार जनहित में अनेक कार्य कर रही है, लेकिन यदि अधिकारियों की लापरवाही बनी रही तो जनता तक विकास का लाभ नहीं पहुंच पाएगा और इसका नकारात्मक असर चुनावों में देखने को मिल सकता है। उन्होंने उल्लेख किया कि नई पाइपलाइन, सीवर और गैस पाइपलाइन जैसी योजनाओं के लिए अधिकांश सड़कें खोदी गई हैं जिनमें से कुछ का कार्य शेष है। विधायक ने विभागों के बीच समन्वय की कमी को जनता की परेशानी का मुख्य कारण बताते हुए अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया और संकेत दिया कि 2027 में इसकी जवाबदेही तय होगी। अंत में उन्होंने दोहराया कि उनके बयान को पार्टी की कमजोरी मानना गलत है और आने वाले चुनाव परिणाम विरोधियों को सच्चाई का आइना दिखा देंगे।

# पेपर मिल में भड़की आग से करोड़ों का नुकसान

काशीपुर। अलीगंज रोड स्थित प्रोलिफिक पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड में रविवार सुबह 11:30 बजे बेस्ट पेपर यार्ड में पर आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जीएम के मुताबिक उन्होंने तत्काल समीप स्थित बहल पेपर मिल के फायर टेंडर और फायर स्टेशन काशीपुर को इसकी तत्काल सूचना दी। सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने कंपनी के फायर हाइड्रेंट के साथ मिलकर तमाम मशक्कत के बाद भड़की आग पर काबू पा लिया। पेपर मिल के जीएम जुल्फिकार अली के मुताबिक अग्निकांड की इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन 400 से 500 टन वेस्ट पेपर जलकर खाक हो गया। नुकसान की कीमत लगभग एक करोड़ के आसपास आंकी गई है। अग्निकांड के इस पूरे प्रकरण में काबिले गौर यह है कि लगभग 4 घंटे बाद फैक्ट्री के प्रबंधन द्वारा अग्निकांड की इस घटना को मीडिया कर्मियों से साझा किया गया। जानकारी के मुताबिक अग्निकांड के वक्त यार्ड में मजदूर काम कर रहे थे। अग्निकांड की घटना को लेकर पेपर मिल में कार्यरत मजदूरों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है। यहां बताना यह भी है कि प्रोलिफिक पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड के जनरल मैनेजर जुल्फिकार अली ने मीडिया कर्मियों को अग्निकांड की सूचना व्हाट्सएप के माध्यम से अपराह्न बाद 3:25 बजे दी। इससे कुछ मिनट पहले जीएम ने अग्निकांड की घटना 20 अप्रैल बताया। प्रतिनिधि के यह कहने पर की आज 19 तारीख है तो उन्होंने पूर्व में भेजे गए मैटर को डिलीट कर संशोधित मैटर दोबारा भेजा। आग लगने के कारणों पर उन्होंने हाथ खड़े कर दिए। आग कैसे लगी और किन हालात परिस्थितियों में लगी यह जांच का विषय है। बता दें फैक्ट्री में ड्रेनेज सिस्टम की कोई व्यवस्था न होने के कारण पिछले काफी समय से केमिकल युक्त पानी पुरानी ढेला में छोड़ा जा रहा है। बारिश के दिनों में जब नदी का पानी ओवरफ्लो होता है तो सैकड़ो एकड़ फसल जहरीले पानी के कारण बरबाद हो जाती है। सूत्रों का कहना है कि उक्त पेपर मिल पर्यावरण विभाग के अधिकारियों की गलत नीतियों के कारण सभी मानकों को ताक पर रखकर संचालित की जा रही है। नाम न छापने की शर्त पर कर्मचारियों की शिकायत है कि उन्हें ड्यूटी के दौरान सुरक्षा उपकरण नहीं उपलब्ध कराए जाते। प्रोलिफिक पेपर मिल में पूर्व में भी कई गंभीर हादसे से घटित हो चुके हैं जिसमें कई जिंदगियां मौत के मुंह में जा चुकी है।



# अल्ली खां चौंक पर भी लहराएगा तिरंगा

काशीपुर( उद संवाददाता)। नगर निगम के अधिकारियों एवं पार्षदों के साथ मेयर ने अल्ली खां चौक का निरीक्षण किया और यहां एकत्र सभी पार्षदों एवं जन समुदाय से इस चौक पर 135 फुट ऊंचा देश की आन बान शान तिरंगा लगाए जाने की बात कही।जानकारी के मुताबिक महाराणा प्रताप चौक की भांति अल्ली खां चौक का भी सौंदर्यीकरण कर यहां मुख्य चौराहे की तरह 135 फीट ऊंचा तिरंगा लगाया जाने की योजना को मूर्त रूप दिए जाने की कवायद शुरू हो चुकी है। पार्षदों सहित सभी ने इस पर अपनी सहमति जताई । निरीक्षण के दौरान मेहंदी मिलाप चौक के भी सौंदर्यीकरण की बात कही गई। बताया गया कि झंडा लगाने वाली टीम को एक सप्ताह के भीतर बुलाया जाएगा।











# 18.22 करोड़ से बनेगा काठगोदाम से दानीजाला अमृतपुर बाईपास

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। भीमताल से विधायक व कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा काठगोदाम से रानीबाग के बीच गुलाब घाटी के पास हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती थी, जिस कारण भीमताल विधानसभा क्षेत्र सहित कुमाऊँ के लोगों और पर्यटको को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था! लगातार जाम की स्थिति बनने से पर्यटको, स्थानीय लोग घंटो जाम मै फसे रहते है! मंत्री कैड़ा ने जाम से निजात दिलाने हेतु मुख्यमंत्री धामी से काठगोदाम से दानीजाला – सिमलखेत होते हुऐ भ्डज अमृतपुर तक बाईपास बनाने की मांग की! मंत्री राम सिंह कैड़ा की मांग पर बाईपास मोटर मार्ग की मुख्यमंत्री ने 18 करोड़ 22 लाख की स्वीकृति दे दी है! प्रथम चरण मै पहाड़ कटान के लिए 1 करोड़ 75, द्वितीय चरण मै पार्ट 2 के कार्य के लिए 4 करोड़ 69 लाख का शासन से शासनादेश जारी करा दिया है तृतीय चरण में पुल का निर्माण कार्य किया जाना है जिसकी लागत 11 करोड़ 77 लाख है जिसकी मुख्यमंत्री ने स्वीकृति दे दी है जल्दी ही शासनादेश जारी हो जायेगा! मंत्री कैड़ा कहा ने इस मोटर मार्ग का निर्माण 3 चरणों मै किया जाना है! जिसकी स्वीकृति मिल गई है मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा जल्दी ही काठगोदाम से भ्डज– अमृतपुर बाईपास मोटर मार्ग का निर्माण कार्य होगा! भीमताल विधानसभा सहित पुरे कुमाऊँ के लोगो को जाम से निजात मिलेगी !मोटर मार्ग की स्वीकृति मिलने पर मंत्री कैड़ा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व सांसद अजय भट्ट का आभार व्यक्त किया है! मंत्री कैड़ा ने अधिकारियो को शीघ्र टैण्डर प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिये है मंत्री ने कहा इस मोटर मार्ग के बनने से निश्चित तौर पर जाम से निजात मिलेगी।

# ब्राम्हण महासभा ने धूमधाम से मनाया परशुराम जन्मोत्सव

## कई हस्तियों और मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित,महापौर ने की भगवान परशुराम के नाम से कम्युनिटी हॉल बनाने की घोषणा






रुद्रपुर । ब्राम्हण महासभा के तत्वावधान में रविवार को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। आवास विकास स्थित परशुराम पार्क में आयोजित भव्य कार्यक्रम में महापौर विकास शर्मा, विधायक शिव अरोरा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने भाग लेकर भगवान परशुराम को नमन किया। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों और मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। महापौर ने इस अवसर पर भगवान परशुराम के नाम से तीन मंजिला कम्युनिटी हॉल बनाने की घोषणा की। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः भगवान परशुराम के पंचामृत अभिषेक के साथ हुई, जिसमें महापौर विकास शर्मा, विधायक शिव अरोरा, ब्राम्हण महासभा के पदाधिकारी और समाज के लोगों ने श्रद्धा पूर्वक सहभागिता कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत हवन यज्ञ कर विश्व कल्याण की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में महापौर और विधायक द्वारा समाज के विशिष्ट व्यक्तियों और मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में स्वामी नारायण चौतन्य जी महाराज, आचार्य पवन पाण्डेय, पुष्पेंद्र शास्त्री, सुनील शास्त्री, धीरेंद्र मिश्रा, हिमांशु शुक्ला, विराट आर्या, अभिषेक वशिष्ठ, एम के तिवारी, अजय जोशी, उमेश कौशिक, ललित मोहन कौशिक, दीपक शर्मा, अनुज पाठक, आर वाई तिवारी, प्रमोद शर्मा, सुभाष शर्मा, वाई के शर्मा, धीरज त्रिपाठी, ओमपाल कोली, ममता त्रिपाठी, ममता जीना, रजनी रावत, रेनू जुनेजा, रश्मि रस्तौगी, निधि, प्रदीप तिवारी सहित कई मेधावी छात्र छात्राएं शामिल रहे। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने अपने संबोधन में महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए परशुराम पार्क में भगवान परशुराम के नाम से तीन मंजिला भव्य कम्युनिटी हॉल के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा बनाए जाने वाले इस भवन का प्रथम तल मंदिर के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां श्रद्धालु पूजा अर्चना कर सकेंगे। द्वितीय तल पर विवाह, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त हॉल बनाया जाएगा, जबकि तृतीय तल पर ब्राम्हण महासभा का कार्यालय और अतिथियों के ठहरने के लिए कक्ष बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसका प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर शासन को भेजा जाएगा, ताकि स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जा सके। महापौर ने कहा कि ब्राम्हण समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए पिछले वर्ष इसी पार्क में भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई थी और अब कम्युनिटी हॉल का निर्माण इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु ने धर्म की रक्षा और अत्याचार के अंत के लिए परशुराम के रूप में अवतार लिया था और उनके आदर्श आज भी समाज को प्रेरणा देते हैं। ब्राम्हण समाज ने हर युग में संस्कृति और ज्ञान की परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य किया है और वर्तमान में भी सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं और रुद्रपुर में भी इसी दिशा में अनेक योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। उन्होंने कहा कि शहर को आध्यात्मिक पहचान देने के लिए त्रिशूल चौक के बाद अन्य स्थलों का भी विकास किया जा रहा है और आने वाले समय में शिव कॉरिडोर जैसी योजनाएं रुद्रपुर को एक नई पहचान देंगी। महापौर ने कहा कि नगर निगम रुद्रपुर आज बहुआयामी संस्था के रूप में कार्य करते हुए विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कई बड़ी परियोजनाएं शुरू होंगी, जिससे रुद्रपुर एक मॉडल शहर के रूप में विकसित होगा। उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट होकर अपनी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा कि भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलते हुए समाज को एकजुट होकर विकास और संस्कृति की रक्षा के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने महापौर द्वारा की गई कम्युनिटी हॉल की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि इससे ब्राम्हण समाज को एक स्थायी और सुसज्जित स्थान मिलेगा, जहां सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में महापौर विकास शर्मा, विधायक शिव अरोरा सहित अन्य अतिथियों को ब्राम्हण महासभा की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर महासभा के अध्यक्ष मुकेश वशिष्ठ, महामंत्री डॉ संजीव शर्मा, मीना शर्मा, अनिल शर्मा, देवेंद्र कौशिक, राहुल भारद्वाज, इंद्रेश मिश्रा, देवेंद्र कौशिक, धीरू त्रिपाठी, देव मेनन,गजानंद शर्मा, भारत भूषण चुघ, धीरेंद्र मिश्रा, विवेक सक्सेना, सुरेश कोली, अजय तिवारी सहित सैकड़ों लोग थे।








# युवाओं ने रैली और नुक्कड़ नाटक से दिया हेलमेट पहनने का संदेश

## आरम्भ यूथ क्लब की पहल पर थाना प्रभारी रविन्द्र सिंह बिष्ट ने रैली को दिखाई हरी झंडी

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। सड़क सुरक्षा को लेकर युवाओं ने रविवार को अनोखी पहल करते हुए हेलमेट जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। आरम्भ यूथ क्लब दिनेशपुर के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और हेलमेट पहनने की आदत को बढ़ावा देना रहा। रैली की शुरुआत दिनेशपुर थाना परिसर से हुई जो सुभाष चौक तक पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में शामिल युवाओं ने हाथों में संदेश लिखे पोस्टर लेकर लोगों से हेलमेट पहनने की अपील की। राहगीरों और वाहन चालकों को रोककर उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी भी दी गई।रैली के समापन के बाद सुभाष चौक पर युवाओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से बिना हेलमेट वाहन चलाने के खतरों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। कलाकारों के जीवंत अभिनय ने दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ते हुए एक मजबूत संदेश दिया कि छोटी सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। थाना प्रभारी रविन्द्र सिंह बिष्ट ने युवाओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के अभियानों को समर्थन देने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम की सफलता में स्थानीय व्यवसायियों का भी अहम योगदान रहा। आलोक बुक डिपो, अशोक मेडिकल स्टोर, जोशी फोटो स्टेट और न्यू बाठला मेडिकल स्टोर ने आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर सहयोग दिया। आरम्भ यूथ क्लब ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। क्लब के सदस्यों ने बताया कि वे आगे भी सामाजिक मुद्दों पर इसी तरह सक्रिय रहकर जनजागरूकता फैलाने का कार्य करते रहेंगे। रैली में अभिषेक, अजय, रणधीर, तुलसी, नम्रता, खुशी, सूरज, विप्लव, अनूप, नितय, शेखर, राकेश, आदित्य, खुशबू,अन्ना,मनीषा,शिवानी, अश्विनी, अनुज, प्रीति, अनिका, नंदू और आकांक्षा सहित कई युवा शामिल रहे।




# भाजपा नेता से मारपीट रेंजर समेत तीन पर केस

खटीमा( उद संवाददाता)। क्षेत्र में एक भाजपा नेता के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस ने रेंजर सहित तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के चकरपुर मंडल से जुड़े ग्राम प्रहरी विपिन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि जब वह गांव के लोगों को जंगल से लकड़ी ले जाने से रोक रहे थे, तभी वन विभाग के कर्मचारियों से उनका विवाद हो गया। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते 17 अप्रैल को उन्हें फोन कर वन चौकी बुलाया गया, जहां उनके साथ गाली-गलौज की गई। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद जबरन उन्हें बाइक पर बैठाकर सुनिया नाले के पास ले जाया गया और वहां उनके साथ मारपीट की गई। बाद में उन्हें पुरानी तहसील स्थित वन चौकी ले जाया गया, जहां भी उनके साथ अभद्रता की गई। वहीं, इस मामले में रेंजर हरेंद्र बिष्ट ने सभी आरोपों को निराधार बताया है और निष्पक्ष जांच की मांग की है। कोतवाल विजेंद्र शाह ने बताया कि ग्राम प्रहरी की तहरीर के आधार पर वन क्षेत्राधिकारी और अन्य कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

# भव्य बालाजी दरबार में भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

## महंत गौरव अग्रवाल के सानिध्य में सजा श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत गौरव अग्रवाल पुत्र ब्रम्हलीन महंत राजेंद्र अग्रवाल जी के सान्निध्य में श्री बालाजी महाराज का भव्य एवं विशाल दरबार सजाया गया। इंद्रा कॉलोनी गली नंबर 5 स्थित जय प्रकाश गर्ग के निवास स्थान पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। पावन अवसर पर आसपास एवं दूर दराज से आए श्रद्धालु भक्तों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर बाबा के दरबार में अपनी हाजिरी लगाई तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। भजन संध्या के दौरान आमंत्रित कलाकारों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक भजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूमते दिखाई दिए। आयोजन समिति और स्थानीय भक्तों के सहयोग से यह कार्यक्रम अत्यंत भव्य और सफल रहा। उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए यह एक अविस्मरणीय अनुभव रहा जहां देर रात तक बाबा के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। अंत में बाबा को भोग लगाकर सभी भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया।





SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता



डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531

# मुख्यमंत्री ने किया अखंड परम धाम गंगा घाट का लोकार्पण

## स्वामी परमानन्द गिरि महाराज की 71वीं संन्यास जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में दी दीपोत्सव के साथ दी बधाई

हरिद्वार(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आयोजित श्री अखण्ड परमधाम गंगा घाट के लोकार्पण समारोह एवं स्वामी परमानन्द गिरि जी महाराज की 71वीं संन्यास जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर देशभर से पधारे संत-महात्माओं एवं श्रद्धालुओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन केवल एक घाट के लोकार्पण का अवसर नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिक चेतना के निरंतर प्रवाह का प्रतीक है। उन्होंने स्वामी परमानन्द गिरि जी महाराज के जीवन को तप, त्याग और साधना का अनुपम उदाहरण बताते हुए कहा कि उनके विचारों एवं शिक्षाओं ने समाज को सेवा, करुणा और मानव कल्याण के मार्ग पर अग्रसर किया है। मुख्यमंत्री ने परमपूज्या साध्वी ऋतम्भरा जी के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र एवं सनातन संस्कृति के प्रति समर्पण का प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि संतों का सानिध्य समाज को सही दिशा प्रदान करता है और आध्यात्मिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सनातन संस्कृति को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है। उन्होंने श्रीराम मंदिर निर्माण, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम के पुनर्निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर एवं महाकाल लोक जैसे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखण्ड को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में केदारखंड एवं मानसखंड मंदिर क्षेत्रों के विकास, हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर, शारदा कॉरिडोर तथा यमुनातीर्थ स्थल के पुनरुद्धार जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही दून विश्वविद्यालय में 'सेंटर फॉर हिन्दू स्टडीज' की स्थापना भी की गई है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता लागू करने, धर्मांतरण विरोधी कानून, तथा अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध की गई कार्रवाइयों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत एवं जनसंख्या संतुलन को सुरक्षित रखने के लिए संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए आध्यात्मिक मूल्यों का सुदृढ़ होना आवश्यक है। उन्होंने सभी से संतों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर चारधाम यात्रा का शुभारभ किया जा रहा है आज मां यमुना एवं मां गंगा के कपाट देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए खोले जा रहे है,उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि चार धाम पर आने वाले यात्रियों की यात्रा सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित संचालित हो,इसके लिए सरकार पूरी तरह से तैयार है तथा आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए सभी सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं चाक चौबंद की गई है तथा आने वाले सभी तीर्थयात्रियों का चारों धामों के दर्शन सुगमता से कराना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर पूज्य स्वामी बालकानंद जी महाराज, पूज्य बीकानेर स्वामी विशोकानन्द भारती जी महाराज, योग ऋषि पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज,साध्वी ऋतंभरा (दीदी मां), पूज्य स्वामी महाराज अविचल दास जी, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्री महंत रवींद्र पूरी महाराज, निरंजनी अखाड़े के आचार्य महा मंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज, आचार्य स्वामी ज्योतिर्यानंद गिरी महाराज,पूज्य स्वामी मुनि जी महाराज, महंत ज्ञानदेव सिंह जी महाराज ,चिदानंद मुनि जी महाराज, पूज्य आचार्य बालकृष्ण जी महाराज, स्वामी अनंत देव जी महाराज,पूज्य बाबा निर्मल दास जी महाराज, जितेंद्रानंद सरस्वती महाराज, अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग पूज्य साध्वी निरंजन ज्योति जी, महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी हरिचेतनानंद जी महाराज, महा मंडलेश्वर पूज्य आत्मानंद मुनि जी महाराज, महामंडलेश्वर ज्योतिर्मयानंद जी महाराज,राष्ट्रीय मंत्री हिंदू परिषद अशोक तिवारी, पंचायतीराज एवं आपदा प्रबंधन मंत्री मदन कौशिक, परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर,मुख्य नगर आयुक्त नंदन कुमार,एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह सहित देशभर से आए संत महात्मा एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।





# भूमि बजाज ने जीआरडी स्कूल में किया टॉप

रूद्रपुर। धौलपुर स्थित जीआरडी इंटरनेशनल स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्था का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणामों में भूमि बजाज ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। विशेष बात यह रही कि भूमि बजाज ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय की अन्य छात्राओं में सहज प्रीत कौर ने 95.2 प्रतिशत, सौम्या सोलंकी ने 93.6 प्रतिशत, हर्षिता यादव ने 93.2 प्रतिशत और एंजेल अरोड़ा ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी सफलता का परचम लहराया। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा। विद्यालय प्रबंधन ने सफल छात्र छात्राओं का मिष्ठान्न खिलाकर और गरमजोशी के साथ स्वागत किया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक गुरनाम सिंह चावला और उप प्रबंधक सतनाम सिंह चावला सहित प्रधानाचार्य एवं उप प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को शुभ कामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों की इस सफलता का श्रेय उनकी कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और अध्यापक गण के कुशल मार्गदर्शन को दिया। विद्यालय प्रशासन ने विश्वास जताया कि भविष्य में भी छात्र इसी तरह शैक्षणिक क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।



# महिला क्लब, पंतनगर द्वारा स्पोर्ट्स डे का आयोजन

पंतनगर। गो.ब. पंत विश्वविद्यालय के महिला क्लब द्वारा विश्वविद्यालय के स्टीवेंसन स्टेडियम में क्लब की अध्यक्षा श्रीमती वीना चौहान के नेतृत्व में उत्साह और उमंग के साथ स्पोर्ट्स डे का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब की सभी सदस्याओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा, ऊर्जा और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की सचिव विजया लक्ष्मी एवं खेल मंत्री शिल्पी गुप्ता एवं उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा, जिनके समर्पण और मेहनत से यह आयोजन सुचारु रूप से संपन्न हो पाया। क्लब की सदस्याओं ने पूरे जोश और साहस के साथ सहभागिता कर इस स्पोर्ट्स डे को यादगार बना दिया। इस आयोजन का उद्देश्य महिला सदस्यों के बीच स्वास्थ्य, फिटनेस और आपसी सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना था, जो पूरी तरह से सफल रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई और आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। महिला क्लब, पंतनगर भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।



# सामूहिक विवाह के बाद सुखद दाम्पत्य का आशीर्वाद लेकर विदा हुए नवजोड़े

## श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर का स्थापना दिवस बना सेवा और समर्पण की मिसाल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर गल्ला मंडी के 18वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में ब्रम्हलीन महंत श्री रमेश वाधवा जी की प्रेरणा से आयोजित सामूहिक विवाह उत्सव के उपरांत नव विवाहित जोड़े सुखद स्मृतियां और बड़ों का आशीर्वाद लेकर अपने नए जीवन की राह पर अग्रसर हुए। मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस पुनीत कार्य की चर्चा पूरे नगर में रही, जहां सादगी और सेवा भाव के साथ चार निर्धन परिवारों के विवाह संपन्न कराए गए। अम्बेडकर पार्क से शुरू हुई भव्य बारात जब गाजे-बाजे के साथ मुख्य बाजार से गुजरी, तो नगरवासियों ने भी पुष्प वर्षा कर वर पक्षों का उत्साहवर्धन किया।




गल्ला मंडी स्थित मंदिर परिसर में कन्या पक्ष और आयोजन समिति ने बारातियों का आत्मीय स्वागत किया। मंदिर के पुजारी पंडित सुरेन्द्र पाल शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुए वैदिक रीति-रिवाजों के बीच नेमचन्द व पूजा, मुनेश व निकिता, सोहनलाल व रेखा और अरविन्द कुमार व प्रियंका परिणय सूत्र में बंधे। इस दौरान मंदिर परिसर आध्यात्मिक और मांगलिक ध्वनियों से गुंजायमान रहा। विवाह संपन्न होने के बाद आयोजित आशीर्वाद समारोह में क्षेत्र के गणमान्य लोगों और संत महापुरुषों ने शिरकत की। सभी ने नव विवाहित जोड़ों को उज्जवल भविष्य और सुखी दाम्पत्य जीवन का शुभाशीष दिया। सायंकाल विदाई के समय मंदिर समिति द्वारा प्रत्येक जोड़े को उपहार स्वरूप गृहस्थी का आवश्यक सामान भेंट किया गया। कार्यक्रम में विधायक शिव अरोरा, महापौर विकास शर्मा,किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, पूर्व पालिकाध्यक्षा मीना शर्मा, मंहत शिवा नन्द महाराज, स्वामी चैतन्य महाराज, महंत मनीष सलूजा, मंदिर समिति के अध्यक्ष गुलशन नारंग, महामंत्री चन्द्रप्रकाश सचदेवा व कोषाध्यक्ष सौरभ गाबा एवं बाबा भक्त गगन वाधवा समेत तमाम गणमान्य लोगों ने नव दंपत्तियों को आशीर्वाद देकर विदा किया। वहीं दिन भर चले कार्यक्रम के दौरान मंदिर से जुड़े तमाम सेवादार पूरी शिद्दत से व्यवस्थाओं में जुटे रहे। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष गुलशन नारंग ने चार दिवसीय स्थापना दिवस सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर सभी सहयोगियों और अपनी टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने का कि सभी के सहयोग और प्रयासों से यह कार्यक्रम सफल हो पाया। उन्होंने व्यवस्थाओं में सहयोग के लिए महापौर विकास शर्मा का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कहा कि सेवा के कार्य मंदिर की ओर से आगे भी अनवरत जारी रहेंगे।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## 'आधी आबादी' की लड़ाई शेष

महिला आरक्षण बिल नहीं गिरा। टीवी चौनलों के कुछ अधपके, गौरवर्णा एंकरों को यह जानकारी ही नहीं है कि सामान्य विधेयक, कानून और संविधान संशोधन बिल में क्या फर्क हैं। महिला आरक्षण बिल तो सितंबर, 2023 में संसद सर्वसम्मति से पारित कर चुकी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 28 सितंबर, 2023 को पारित बिल पर हस्ताक्षर कर उसे कानून बना दिया था। हालांकि 932 दिनों के बाद कानून की अधिसूचना तब जारी की गई, जब लोकसभा में 131वें संविधान संशोधन बिल पर बहस जारी थी। अब 17 अप्रैल, 2026 को वह संविधान संशोधन बिल लोकसभा में पारित नहीं हो पाया, जो बुनियादी तौर पर महिला आरक्षण के मुद्दे से जुड़ा था। बिल पारित कराने के लिए 352 सांसदों का समर्थन अनिवार्य था, लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा-एनडीए के पक्ष में 298 वोट ही आए और विपक्ष की 230 सांसदों के समर्थन के बावजूद 'राजनीतिक जीत' हुई। संविधान संशोधन के लिए सदन में दो-तिहाई सांसदों का बहुमत अनिवार्य होता है। मोदी सरकार के करीब 12 साल के कार्यकाल में यह पहला मौका है, जब उसका कोई बिल अथवा संविधान संशोधन लोकसभा में गिरा है। नवंबर, 2021 में प्रधानमंत्री मोदी ने, किसान आंदोलन के मद्देनजर, तीन कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा की थी, जिसकी प्रक्रिया संसद में ही पूरी की गई थी। बहरहाल संविधान संशोधन गिरने के बाद जो भी व्याख्याएं की जाएं, लेकिन महिला आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर लटक कर रह गया है। 1996 से महिला आरक्षण बिल की यही नियति देखते रहे हैं। बिल गिरने के बाद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और फिर विपक्ष के अन्य नेताओं ने यह आग्रह करना शुरू कर दिया है कि प्रधानमंत्री 2023 वाला कानून संसद में ले आएं, जरूरी संशोधन भी करा लें और उसके आधार पर ही महिलाओं का 33 फीसदी आरक्षण लागू कर दें। यह नहीं हो सकता, क्योंकि 2023 के कानून के साथ जनगणना और परिसीमन की अनिवार्यता भी नत्थी हैं।यदि लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों पर ही आरक्षण लागू करना था, तो यह बिल 2010 में ही यूपीए सरकार पारित करा सकती थी। तब राज्यसभा में भाजपा के सहयोग, समर्थन से बिल पारित कराया गया था। मई, 2014 तक कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार थी, विपक्षी भाजपा भी समर्थन देने को तैयार थी, तो बिल लोकसभा में पेश क्यों नहीं किया गया? अंततः बिल 'लैप्स' हो गया। लोकसभा की मौजूदा संख्या के आधार पर 181 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जानी थी। तब 'पुरुष वर्चस्ववादी' दलों के उन्हीं नेताओं ने पुरजोर विरोध किया था, जो शुरू से ही महिला आरक्षण के विरोधी थे और अलग-अलग सवाल, संदेह, आशंकाएं जता रहे थे। मनमोहन सरकार गिर भी सकती थी, लिहाजा बिल को नेपथ्य में फेंक दिया गया। अब उन्हीं के 'विरासती नेता' 543 सीटों पर महिला आरक्षण लागू करने की मांग कर रहे हैं। बहरहाल बिल गिरने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने देश की माताओं, बहनों, बेटियों से बात करने का बहाना बना कर राष्ट्र को संबोधित कर महिला आरक्षण को एक 'राजनीतिक मोहरा' बनाने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री ने नारी-शक्ति के सपनों, अरमानों को कुचलने, रौंदने और अंततः भ्रूण-हत्या करने सरीखे शब्दों का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कांग्रेस, सपा, तृणमूल, द्रमुक सरीखे विपक्षी दलों को निशाना बनाया और उन्हें नारी-शक्ति के गुनहगार, संविधान के अपराधी, पापी आदि करार दिया। प्रधानमंत्री ने उन सभी बदलावों, सुधारों को भी गिनाया और खासकर कांग्रेस को सुधार-विरोधी, महिला-विरोधी, परजीवी, देश में दरारें पैदा करने वाली पार्टी भी करार दिया। प्रधानमंत्री मोदी संविधान संशोधन गिरने के बाद गुस्से में लगते हैं, पराजय के कारण आक्रोश में भी हैं, लेकिन उन्होंने माताओं-बहनों से क्षमा भी मांगी है, क्योंकि वह बिल पारित नहीं करा सके। चूंकि 23 अप्रैल को बंगाल, तमिलनाडु में मतदान होने हैं, लिहाजा भाजपा और उसके सहयोगी दल सडकों पर बिछ गए हैं। राहुल गांधी के आवास के बाहर उनका पुतला भी फूंक दिया है। अब सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा महिला आरक्षण बन गया है, लेकिन प्रधानमंत्री ने यह संकेत तक नहीं दिया है कि अब महिला आरक्षण कब तक लागू हो सकेगा?

# एआई के दौर में साहित्य की मौलिकता बचाना बड़ी चुनौती

## साहित्य अकादमी के 'वीणा की वाणी' विमर्श में देश भर के साहित्यकारों ने किया मंथन

इंदौर (उद संवाददाता)। 'साहित्य स्थाई पत्रकारिता है और पत्र-पत्रिकाएं स्थाई साहित्य हैं।' यह विचार मुख्य वक्ता और 'वीणा' पत्रिका के संपादक राकेश शर्मा ने साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित 'वीणा की वाणी' विमर्श के अपना चोला बदलता है, वह सच्चा साहित्यकार कभी नहीं हो सकता। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र में साहित्यकार उमापति दीक्षित, विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राकेश भी विमोचन हुआ। विमर्श के प्रथम सत्र 'जो दिखता है वही बिकता है' में ग्राफिक डिजाइनर मनोज राठौर, प्रिंट विशेषज्ञ हेमंत खुराना और श्रीराम दवे ने पत्रिकाओं के कलेवर और प्रस्तुतीकरण पर चर्चा की। विशेषज्ञों का मानना था कि हिंदी भूख' विषय पर प्रहार करते हुए कहा कि प्रसिद्धि की लालसा के कारण साहित्य का स्तर गिर रहा है और मौलिकता लुप्त हो रही है। उन्होंने संपादकों को आत्म-अवलोकन की सलाह दी। इस दौरान वरिष्ठ






दौरान व्यक्त किए। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस के सभागार में आयोजित दो दिवसीय गहन विमर्श कार्यक्रम में देश की प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओं के भविष्य और वर्तमान चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। राकेश शर्मा ने रेखांकित किया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रवेश के बाद साहित्य में बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है और यह एक विकट समय है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो राजनीति के लिए सिंघई, राकेश शर्मा, अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे और विभागाध्यक्ष डॉ. सोनाली सिंह नरगुंदे उपस्थित रहे। डॉ. विकास दवे ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि साहित्य जगत में कार्य करने के लिए समरसता की भावना अनिवार्य है और अकादमी इन पत्रिकाओं को एक परिवार के रूप में जोड़ना चाहती है। इस अवसर पर डॉ. सोनाली सिंह नरगुंदे द्वारा संपादित पुस्तक 'समरसता और संघ' का विमोचन किया गया। साथ ही कांता राय एवं सुनीता प्रकाश की लघुकथा वृत्त का भाषा के पास आकर्षण की कमी नहीं है, बस उसे सही ढंग से परोसने की आवश्यकता है। दूसरे सत्र में प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट डॉ. देवेंद्र शर्मा ने कहा कि लघु पत्रिकाएं कार्टून विधा के लिए रीढ़ की हड्डी के समान हैं। तीसरे सत्र में गोपाल माहेश्वरी, नरेंद्र दीपक, मनोज, संदीप 'सृजन' और राजेश रावल जैसे संपादकों ने अपनी पत्रिकाओं के प्रसार और प्रसार संख्या को लेकर अनुभव साझा किए। दूसरे दिन के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता शोभा जैन ने 'छपास की साहित्यकार सूर्यकांत नागर, शुभदा पांडे, प्रेम जनमेजय, राहुल अवस्थी और संजीव सिन्हा ने भी विचार रखे। डॉ. विकास दवे ने प्रेस सेवा पोर्टल के संबंध में तकनीकी जानकारी साझा की। समापन सत्र में सबसे वरिष्ठ साहित्यकार सूर्यकांत नागर का सम्मान किया गया।कार्यक्रम में 'निरोगधाम' के संपादक अशोक कुमार पांडे, डॉ. स्वाति तिवारी और अमन व्यास ने भी पाथेय प्रदान किया। विदाई सत्र में सोनी सुगंधा ने संपादक धर्म पर केंद्रित गीत प्रस्तुत किया।

# बाल विवाह के विरुद्ध आईएसडी ने चलाया जागरूकता अभियान

किच्छा। अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की आशंकाओं को देखते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट किच्छा द्वारा जनपद की विभिन्न ग्राम पंचायतों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से हजारों लोगों को बाल विवाह न करने और समाज में इसे रोकने के लिए प्रेरित किया गया। संस्था द्वारा अब तक 1000 से अधिक ग्रामीणों से बाल विवाह के विरुद्ध प्रतिज्ञा पत्र भरवाए जा चुके हैं, जो इस दिशा में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।संस्था के अध्यक्ष डॉ. अमित श्रीवास्तव के नेतृत्व में संचालित इस पहल के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा बहनों और जागरूक नागरिकों को विशेष रूप से शपथ दिलाई गई। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि अक्षय तृतीया जैसे अबूझ सावे पर बाल विवाह की संभावनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए विशेष सतर्कता और जनजागरूकता आवश्यक है। उन्होंने आगे जानकारी दी कि आईएसडी द्वारा एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम के अंतर्गत देश के विभिन्न जिलों में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए कार्य किया जा रहा है और ऊधम सिंह नगर में इस अभियान की कमान आईएसडी संभाल रही है।अभियान के दौरान सामाजिक स्तर पर बदलाव लाने के लिए धर्मगुरुओं को भी अभियान से जोड़ा गया है। इस पुनीत कार्य में जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी और चाइल्ड लाइन सहित प्रशासन के विभिन्न विभागों का सराहनीय सहयोग मिल रहा है। संस्था का मुख्य लक्ष्य जनपद में बाल विवाह की दर को शून्य तक लाना है। संस्था का मानना है कि प्रशासन, समुदाय और नागरिक समाज के साझा प्रयासों से ही इस कुप्रथा को जड़ से मिटाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने इस सामाजिक बुराई के खिलाफ एकजुट होने का संकल्प लिया।







# अब भारत में बढ़ी महंगाई की चुनौती

यकीनन इस समय पश्चिमी एशिया में संघर्ष का असर भारत में महंगाई बढने के रूप में भी दिखाई देने लगा है। कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि, माल ढुलाई के महंगा होने और तेल आपूर्ति बाधाओं के कारण दुनिया के साथ-साथ भारत में भी महंगाई बढ़ रही है। यद्यपि भारत में महंगाई अमरीका सहित दुनिया के अधिकांश देशों में तेजी से बढ़ती हुई महंगाई से बहुत कम है, लेकिन इस महंगाई का भारत की आर्थिकी और आम आदमी पर असर दिखाई देने लगा है। हाल ही में 13 अप्रैल को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार मार्च 2026 में खुदरा महंगाई दर बढकर 3.4 प्रतिशत हो गई, जो फरवरी में 3.21 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई दर 3.63 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि शहरी क्षेत्रों में खुदरा महंगाई दर 3.11 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई है। इसी प्रकार 15 अप्रैल को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार मार्च 2026 में थोक महंगाई दर बढकर 3.88 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई। यह फरवरी माह में 2.13 प्रतिशत के स्तर पर थी। स्थिति यह है कि थोक मूल्य की यह महंगाई 38 महीने के उच्चतम स्तर पर है। निःसंदेह खाड़ी देशों से आयातित कच्चे माल के महंगे होने और ईंधन, बिजली व गैस की कीमतों में वृद्धि से आम आदमी के जीवन से जुड़ी वस्तुएं, रसोई से लेकर कपड़े और घरेलू उपकरण आदि महंगे हुए हैं। खास तौर से आयातित पेट्रोकेमिकल से जुड़े कच्चा माल के महंगे होने से पेंट सहित विभिन्न उत्पादों की कीमतें अधिक बढ़ी हैं। साबुन, पेस्ट, बिस्किट जैसे एफएमसीजी प्रोडक्ट्स बनाने वाली कई कंपनियां पैकेट छोटे करने की रणनीति पर भी आगे बढ़ी हैं। इतना ही नहीं, देश में महंगाई बढने की एक नई चिंता यह भी है कि हाल ही में 13 अप्रैल को भारतीय मौसम विभाग ने अल नीनो के कारण 2026 में सामान्य से कम मॉनसून का अनुमान लगाया है, जिससे कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर असर पड़ सकता है। गौरतलब है कि भारतीय मौसम विभाग ने वर्ष 2023 के बाद पहली बार बारिश के दीर्घकालिक औसत (एलपीए) के 92 प्रतिशत रहने की संभावना बताई है। यह पूर्वानुमान 5 फीसदी अधिक या कम की मॉडल त्रुटि के साथ जारी किया गया है। यद्यपि पिछले आंकड़े बताते हैं कि सामान्य से कम मॉनसून वाले वर्षों में जब बारिश का समय, वितरण और फैलाव समान रहा तब खरीफ का उत्पादन कम नहीं हुआ, किन्तु गैर-सिंचित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर उगाई जाने वाली दलहन और तिलहन जैसी फसलों के लिए जोखिम हो सकती है। साथ ही दलहन और तिलहन का कम उत्पादन खाद्य मुद्रास्फीति पर असर डाल सकता है। ऐसे में महंगाई नियंत्रण के लिए राहत और सुधारों को तेजी से लागू करने की बहुआयामी रणनीति के साथ आगे बढना होगा। यह उल्लेखनीय है कि हाल ही में वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों व वैश्विक संगठनों की रिपोर्टों में अमरीका और ईरान के बीच टकराव के लंबा खींचने पर भारत की विकास दर में कमी और महंगाई के बढने के अनुमान प्रस्तुत किए गए हैं। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पश्चिम एशिया में युद्ध और ऊर्जा कीमतों व आपूर्ति बाधाओं के कारण भारत में विकास दर धीमी हो सकती है और महंगाई बढ़ सकती है। मूडीज रेटिंग्स ने भारत की विकास दर के अनुमान को घटाते हुए चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 6 प्रतिशत कर दिया, जो पहले 6.8 प्रतिशत आंका गया था। मूडीज ने चालू वित्त वर्ष में औसत महंगाई दर 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया, जो 2025-26 के 2.4 प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में महंगाई दर के भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा निर्धारित चार प्रतिशत के लक्ष्य दायरे से ऊपर जाना चुनौतीपूर्ण होगा। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश के आम आदमी को युद्ध के संकट के बीच महंगाई से बचाने के मद्देनजर सरकार रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ी है। इसके मद्देनजर पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखने के लिए उत्पाद कर में 10 रुपए प्रतिलीटर की कटौती किए की गई ताकि महंगाई को काबू में रखा जा सकेगा। आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू किया गया है। देश की सभी तेल रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं। सरकार के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। साथ ही, पेट्रोल और डीजल की बाजार में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जा रही है। रोजाना करीब 50 लाख गैस सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। ऑनलाइन बुकिंग 97 प्रतिशत है। ब्लैक मार्केटिंग रोकने के लिए डिलिवरी ऑथेंटिकेशन की व्यवस्था की गई है। दुनिया में तेजी से बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों के बीच भी देश में सरकारी तेल कंपनियों के द्वारा सामान्य पेट्रोल- डीजल की कीमतें नहीं बढ़ाई गई हैं। वैश्विक तेल संकट को देखते हुए सरकार ने 11 अप्रैल को निर्यात किए जाने वाले डीजल और हवाई ईंधन (एटीएफ) पर निर्यात शुल्क 34 रुपए बढ़ा दिया है ताकि देश में ईंधन की कमी न हो और कीमतें काबू में रहें। सरकार ने महंगाई को नियंत्रित रखने तथा आम आदमी पर इसके प्रभाव को कम से कम करने के मद्देनजर आवश्यक खाद्य वस्तुओं के लिए बफर स्टॉक बढ़ाने, खुले बाजार में खरीदे गए खाद्यान्न की रणनीतिक बिक्री करने और जरूरी आयात की सुविधा जैसे कई रणनीतिक कदम उठाए हैं। निःसंदेह सरकार के द्वारा महंगाई नियंत्रण के लिए की गई विभिन्न आर्थिक और कूटनीतिक पहलों के लाभ मिले हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस युद्ध से निर्मित महंगाई की चुनौती के बीच कुछ अहम बुनियादी बातें भारत के लिए महंगाई नियंत्रण की शक्ति बन गई हैं। इस समय भारत के पास विशाल खाद्यान्न भंडार और जरूरत की दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक आर्थिक अनुकूलताओं के रूप में दिखाई दे रहा है। पिछले वर्ष 2024-25 में भारत में 35.70 करोड़ टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है और इस वर्ष 2025-26 में इससे भी अधिक खाद्यान्न उत्पादन की संभावना है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास केंद्रीय पूल में मार्च 2026 के अंत तक लगभग गेहूं और चावल का 600 लाख टन से अधिक का उपलब्ध स्टॉक खाद्य सुरक्षा के मामले में भारत की मजबूती है। इस समय देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। इतना ही नहीं, महंगाई की किसी भी चुनौती से निपटने के लिए भारत के पास 10 अप्रैल तक 700 अरब डॉलर से अधिक के विदेशी मुद्रा कोष की शक्ति भी है। उम्मीद करें कि सरकार अमरीका-ईरान टकराव के बीच महंगाई नियंत्रण के लिए और अधिक रणनीतिक कदमों के साथ आगे बढ़ेगी। कच्चे तेल के लिए रूस और वेनेजुएला से आपूर्ति का रुख और बढ़ाया जाएगा। सरकार के द्वारा खाद्य तेल के आयात शुल्क में कमी सहित उर्वरकों की उपयुक्त आपूर्ति के लिए दृढ़तापूर्वक आगे बढ़ा जाएगा। रिजर्व बैंक के द्वारा आवश्यक होने पर मौद्रिक नीति सख्त करते हुए वर्तमान 5.25 प्रतिशत की नीतिगत ब्याज दर (रेपो रेट) को बढ़ाया जाएगा। उम्मीद करें कि सरकार कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 को कड़ाई से लागू करते हुए इसके तहत जरूरत के मुताबिक वस्तुओं के भंडारण की सीमा, नियमित छापेमारी और दोषियों के खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई की राह पर भी दृढ़ता के साथ आगे बढ़ते हुए दिखाई देगी।

-डा. जयंती लाल भंडारी

# स्टाफ स्पोर्ट्स एथलेटिक प्रौद्योगिक महाविद्यालय ओवरआल चैम्पियन





पंतनगर। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के स्टीवेंसन स्टेडियम में तीन- दिवसीय तक आयोजित 27वीं स्टाफ एथलेटिक मीट का समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में सबसे अधिक पदक व सबसे अधिक प्रतिभागियों के प्रतिभाग करने पर प्रौद्योगिक महाविद्यालय को ओवरआल चौम्पियनशिप देकर सम्मानित किया गया। रस्साकसी के पुरूष वर्ग में सुरक्षा विभाग व महिलाओं में प्रौद्योगिक महाविद्यालय ने विजय प्राप्त कर अपना परचम लहराया। समापन समारोह के अवसर पर रस्साकसी की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पुरूष वर्ग का मुकाबला एकतरफा रहा जिसमें सुरक्षा विभाग ने स्टाफ स्पोर्ट्स की टीम को 2-0 से हरा दिया। जबकि महिलाओं के मुकाबले में संघर्ष देखने को मिला दोनों टीमें पहले दो मुकाबले में बराबरी पर रही जबकि तीसरा व अंतिम मुकाबले में प्रौद्योगिक महाविद्यालय की महिलाओं ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए विजयी प्राप्त की। दोनों टीमों को अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. एएस जीना, अधिष्ठाता कृषि डा. सुभाष चन्द्रा, निदेशक संचार डा. जेपी जायसवाल, डा. राजीव रंजन, डा. पूनम त्यागी, डा. जीएस बोहरा व सुरक्षाधिकारी डा. पीवी सिंह ने सम्मानित किया। पूरी प्रतियोगिता के दौरान बेहतर प्रदर्शन व सबसे अधिक प्रतिभागियों के प्रतिभाग करने पर प्रौद्योगिक महाविद्यालय को ओवरऑल चौम्पियनशिप प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत महिलाओं की 100मीटर दौड़ में प्रौद्योगिक महाविद्यालय की दिव्या पनेरू, सरोज चौहान, सोनिका चौहान, नीता पाण्डे, सुनीता सिंह व रत्ना राय ने पहला, पुरूषों में नीतीश रावत, लक्ष्मण, उदयवीर, सुदीश राय, अमित जोशी व सुरेश राजपूत ने पहला स्थान हासिल किया। महिलाओं के शॉटपुट में चन्द्रा नेगी, सरोज चौहान, किरन राय, भावना, ऋतु मिश्रा, उर्मिला तड़ियाल व पूनम त्रिपाठी, जबकि पुरूषों में डा. विद्यासागर सिंह, राजेश जुकारिया, सुभाष चन्द्र, अमित जोशी, अजित सिंह, सतेन्द्र कुमार व नीरज भट्ट अव्वल रहे। महिलाओं की जैवलिन प्रतियोगिता में पूनम त्रिपाठी, उर्मिला तड़ियाल, गीता जोशी, हेमा बिष्ट, किरन राय व निशा, पुरूषों में वजीर अहमद, अजित यादव, सतेन्द्र कुमार, नीरज कुमार, डा. विद्यासागर सिंह, केपी सिंह, सुभाष चन्द्र, राजेश कार्की ने सबसे अधिक जैवलिन फेंका। पुरूषों के हैमर थ्रो प्रतियोगिता में केपी सिंह, राजेश कार्की, शरद कुमार, सतेन्द्र व नीरज कुमार अव्वल रहे। 400मीटर पुरूष मुकाबले में मनोज कुमार, अजय, राकेश यादव, डा. वीपी सिंह व किशोर कुमार जबकि महिलाओं में अनिता धामी, जया भाकुनी, ज्योति, सुनीता सिंह व राजेश्वरी पहले स्थान पर रहे। 3किमी महिलाओं की पैदल चाल प्रतियोगिता में ज्योति, सरोज चौहान, शाहिस्ता परवीन, अमरेश चौधरी, सुनीता सिंह, ज्योति शर्मा व बसंती पहले स्थान जबकि जया भाकुनी, अनिता धामी, गीता जोशी व ममता श्रीवास्तव दूसरे स्थान पर जबकि पुरूषों के 5किमी पैदल चाल में राजेश जुकारिया, डा. यूसी मिश्रा, मुकेश यादव, मनोज कुमार, शैलेन्द्र, गिरीश मेहरा पहले स्थान पर जबकि संतोष कुमार, फूलबास व बलवंत सिंह दूसरे स्थान पर रहे। पुरूषों के लॉग जंप प्रतियोगिता में नीरज भट्ट, मुकेश यादव, विजय कुंवर, श्रीधर डा. संदीप कुमार व अशोक कुशवाहा ने पहला स्थान जबकि महिलाओं में दिव्या पनेरू, अनिता वर्मा, सोनिका चौहान व उमा भंडारी ने पहला स्थान प्राप्त किया। त्रिकूद में डा. संदीप कुमार, सुरेश राजपूत, श्रीधर, मुकेश यादव, राकेश यादव व सुदीश राय अव्वल रहे। महिलाओं की 800मीटर दौड. में जया भाकुनी पहले स्थान तथा पुरूषों में राकेश यादव, किशोर कुमार, डा. वीपी सिंह, नूर आलम पहले स्थान पर रहे। जबकि 5000मीटर दौड़ में डा. विनय कुमार पाण्डेय पहले स्थान पर रहे। महिलाओं के चक्का फेंक प्रतियोगिता में कंचन, निशा, किरन राय, हेमा बिष्ट, उमा भंडारी व पूनम त्रिपाठी अव्वल रहे। महिलाओं की 200मीटर दौड. में दिव्या पनेरू, निशा, बंसती व सोनिका चौहान विजयी रहे जबकि पुरूषों में उदयवीर, मनोज कुमार, लक्ष्मण, पंकज सिंह, किशोर कुमार व सुरेश राजपूत अव्वल रहे। 1500मीटर की महिलाओं में रमा पहले तथा दीपा पाण्डे दूसरे स्थान पर जबकि पुरूषों डा. वीपी सिंह, राकेश यादव, अजय चौधरी व शैलेन्द्र सिंह अव्वल रहे। सभी प्रतिभागियों को अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. एएस जीना, निदेशक संचार डा. जेपी जायसवाल, अधिष्ठाता कृषि डा. सुभाष चन्द्रा, डा. जीएस बोहरा, डा. पूनम त्यागी व सुरक्षाधिकारी डा. पीवी सिंह ने सम्मानित किया।

# जिला स्केटिंग चैंपियनशिप में जीडी गोयनका का दबदबा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर के प्रांगण में रविवार को प्रथम जिला





स्तरीय रोलर स्केटिंग चौंपियनशिप का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न स्कूलों से आए खिलाड़ियों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया, जिससे पूरा आयोजन रोमांचक और कड़ी प्रतिस्पधर्ा से भरा रहा। खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा और खेल भावना का परिचय देते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।चैंपियनशिप की ओवरऑल मेडल तालिका में मेजबान जीडी गोयनका स्कूल ने सर्वाधिक पदक जीतकर प्रथम स्थान पर अपना दबदबा कायम किया। आर्यन पब्लिक स्कूल ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल, रामपुर तृतीय स्थान पर रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जीडी गोयनका स्कूल की प्रिंसिपल रूपाली पुरी, सीनियर डायरेक्टर सनी वर्गीज और रोलर स्केटिंग एसोसिएशन रामपुर के चीफ कमिश्नर बलराम उपस्थित रहे। साथ ही कैमरी के ग्राम प्रधान एवं एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट मोहम्मद जावेद हुसैन ने भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का सफल संचालन आयोजन समिति के सेक्रेटरी दुर्गेश, ट्रेजरर गुरविंदर सिंह और विक्रांत जॉन के मार्गदर्शन में हुआ। प्रतियोगिता को निष्पक्ष बनाने के लिए निर्णायक की भूमिका आशीष बैरागी, बबलू दिवाकर, जगजीत सिंह, सुखविंदर सिंह और मनोज सिंह ने निभाई। विद्यालय प्रबंधन और अतिथियों ने विजेताओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से खिलाड़ियों में अनुशासन, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और खेल के प्रति रुचि बढ़ती है। चौंपियनशिप के सफल समापन पर एसोसिएशन और स्कूल प्रबंधन ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# झपटमारी को लेकर हंगामा, पुलिस पर लापरवाही का आरोप

रामनगर (उद संवाददाता)। पीरूमदारा क्षेत्र में महिला के साथ हुई झपटमारी की घटना को लेकर स्थानीय लोगों का पुलिस के प्रति आक्रोश गहराता जा रहा है। स्थानीय प्रधानपति ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि शिकायत और साक्ष्य होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।मामला पीरूमदारा क्षेत्र का है जहां कुछ दिन पहले बाइक सवार तीन युवकों ने एक महिला का मंगलसूत्र छीन लिया और फरार हो गए। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जिसमें आरोपी साफ दिखाई दे रहे हैं। इसके बावजूद स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस ने अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी तो दूर मुकदमा तक दर्ज नहीं किया है। प्रधानपति हरिश सनवाल ने बताया



कि जब पीड़ित परिवार पुलिस चौकी पहुंचा तो उनसे सामान वापसी या कानूनी कार्रवाई में से एक को चुनने जैसे अजीब सवाल किए गए।प्रधानपति के अनुसार आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार ने सामान बरामद कराने की बात कही जिस पर पुलिस ने उन्हें दो से तीन दिन का समय दिया लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी न तो मंगलसूत्र मिला और न ही कोई कार्रवाई हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार स्थानीय लोगों के साथ लगातार चौकी के चक्कर काट रहा है लेकिन उन्हें हर बार टाल दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।हरिश सनवाल ने कहा कि घटनास्थल पुलिस चौकी के समीप ही है इसके बावजूद इस तरह की वारदात होना और पुलिस का ढीला रवैया सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कल तक संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई तो वह ग्रामीणों के साथ पीरूमदारा चौकी के बाहर धरने पर बैठने को मजबूर होंगे। वहीं इस मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी सुमित पांडे का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में है और जल्द ही मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। फिलहाल लोगों की नजरें पुलिस की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।

# बाल विवाह के विरुद्ध महिलाओं ने लिया सामूहिक संकल्प

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। महिला कल्याण विभाग द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर शक्तिफार्म क्षेत्र में बाल विवाह के विरुद्ध विशेष जन-जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से समाप्त करना और इसके गंभीर दुष्परिणामों के प्रति आमजन को सचेत करना रहा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने विस्तार से बताया कि किस तरह कम उम्र में विवाह बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।इस




अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन की केंद्र समन्वयक चांदनी रावत, केस वर्कर पूजा सरकार और एसआई बबीता ने उपस्थित महिलाओं को कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में बड़ी बाधा उत्पन्न करता है। विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा और स्वास्थ्य पर इसके प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो जाता है। महिलाओं से आह्वान किया गया कि इस कुरीति को समाप्त करने के लिए समाज के हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।अभियान के दौरान सूचना तंत्र को मजबूत करने पर जोर देते हुए बताया गया कि यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिलती है तो तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, आपातकालीन सेवा 112 अथवा 18001027222 पर सूचित करें। कार्यक्रम में पूर्व ग्राम प्रधान राजा हलदार सहित उपस्थित सभी महिलाओं और प्रतिभागियों ने बाल विवाह रोकने और समाज में इसके विरुद्ध अलख जगाने का सामूहिक संकल्प लिया। उपस्थित लोगों ने विश्वास दिलाया कि वे अपने आसपास के क्षेत्रों में इस कुप्रथा को फलने-फूलने नहीं देंगे।

## पेज एक का शेष...

**युवाओं के कौशल...** किया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड को 'वीरभूमि' बताते हुए कहा कि यहाँ के हर घर से कोई न कोई राष्ट्र सेवा में समर्पित है। उन्होंने अग्निवीर योजना और सेना में भर्ती के लिए युवाओं को दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की भी सराहना की। समारोह के दौरान सेना द्वारा विभिन्न युद्ध कौशलों और साहसिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया, जिसे देखकर उपस्थित छात्र-छात्राएं और स्थानीय लोग मंत्रमुग्ध हो गए। मुख्यमंत्री ने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित विभिन्न स्टालों का अवलोकन भी किया और छात्रों द्वारा किए गए नवाचारों की सराहना की।इस अवसर पर सूर्या कमांड के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, विश्व विद्यालय के कुलपति, स्थानीय जनप्रतिनिधि और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**स्कार्पिओ और स्कूटी....** पंतनगर थाना पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने तीनों युवकों को तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतकों के पास से मिले मोबाईल कागजात के आधार पर मामले की जानकारी उनके साथियों को दी जिस पर कई लोग चिकित्सालय आ गये। वहीं मामले की सूचना मिलने पर मृतक युवकों के परिजन भी प्रात: यहां आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके से दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है।

**यमुनोत्री धाम यात्रा पर ....** 65 वर्षीय उदय गजानन तांबे, निवासी नासिक (महाराष्ट्र) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। यात्रा के शुरुआती चरण में ही हो रही इन मौतों ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों से स्वास्थ्य संबंधी सावधानी बरतने और कठिनाई महसूस होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की अपील की है।

**आदेश और शैलेंद्र के ....**शांति बनाए रखने की अपील भी की है। इधर, इस बढ़ते सियासी टकराव को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। अधिकारियों ने दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की है और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने की तैयारी की जा रही है। अब पूरे क्षेत्र की निगाहें शाम 5 बजे होने वाली इस संभावित आमने-सामने की मुलाकात पर टिकी हैं, जिससे आगे की सियासत की दिशा तय होने की संभावना है।

**गुलदार की खाल....**करीब दो मीटर लंबी गुलदार की खाल बरामद हुई। इसके साथ ही एक मोबाइल फोन, दो सौ रुपये नकद और स्कूटी को भी कब्जे में लिया गया। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि उसने गुलदार को फंदा लगाकर मारा था और उसकी हड्डियों को जंगल में छिपा दिया। आरोपी के मोबाइल फोन से भी शिकार से जुड़े अहम साक्ष्य बरामद हुए हैं, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। आरोपी के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस और वन विभाग की टीमें अब आरोपी के नेटवर्क की गहन जांच में जुट गई हैं और अन्य संभावित तस्करों की तलाश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने बताया कि वन्यजीव अपराधों की रोकथाम के तहत यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि आरोपी से पूछताछ कर उसके पूरे नेटवर्क को खंगाला जा रहा है। वर्ष 2026 में एसओजी द्वारा गुलदार की खाल बरामदगी का यह दूसरा मामला है। साथ ही आम लोगों से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना 112 पर दें, ताकि ऐसे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्ध से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com, www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax), 9897427585, 9897427586(Mob.)

# बंगाली समाज का अपमान किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं: शिव

## विधायक ने कांग्रेस को दी चुनौती, कहा सच सामने लाने को कराएं फॉरेंसिक जांच



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बंगाली समाज के खिलाफ गणेश गोदियाल वॉइस ऑफ उत्तराखंड कांग्रेस पेज द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी पर ऊधम सिंह नगर का सियासी पारा चढ़ गया है। इस विवादित टिप्पणी से आक्रोशित बंगाली समाज द्वारा जगह जगह गणेश गोदियाल और कांग्रेस पार्टी के पुतले जलाकर माफी की मांग की जा रही है। इसी क्रम में विधायक शिव अरोरा ने सिटी क्लब में प्रेसवार्ता कर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। विधायक शिव अरोरा प्रेसवार्ता के दौरान काफी आक्रमक नजर आए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उनके नेता झूठ व नौटंकी की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने नसीहत दी कि कांग्रेस नेताओं को अपने प्रदेश के आका की राजदरबारी से बाज आना चाहिए और कम से कम सच को स्वीकार करना सीखना चाहिए।विधायक शिव अरोरा ने कहा कि ऊधम सिंह नगर में दशकों से निवास कर रहे बंगाली समाज को गणेश गोदियाल वॉइस ऑफ उत्तराखंड कांग्रेस पेज के माध्यम से घुसपैठिया और डेमोग्राफी चेंज करने वाला बताया गया है। उन्होंने कहा कि यह पेज वर्ष 2020 से संचालित हो रहा है और दिन रात गणेश गोदियाल का महिमामंडन कर रहा है। ऐसे में इस पेज के माध्यम से बंगाली समाज को उत्तराखंड में जनसंख्या असंतुलन के लिए जिम्मेदार ठहराना बेहद शर्मनाक और घटिया मानसिकता का परिचय है। विधायक ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं द्वारा किया गया यह अपमान बंगाली समाज किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा।विधायक ने आगे कहा कि माफी मांगने के बजाय कांग्रेस के स्थानीय नेता रुद्रपुर कोतवाली में तहरीर देकर इसे एआई के माध्यम से गणेश गोदियाल को बदनाम करने की साजिश बता रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर वह अकाउंट फर्जी है तो आज तक उसकी शिकायत खुद गोदियाल ने क्यों नहीं की। उन्होंने कहा कि उस पेज से बंगाली समाज के खिलाफ वाली पोस्ट तो हटा दी गई लेकिन गोदियाल के पक्ष में पोस्ट आज भी लगातार जारी हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि इस पेज को कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष का पूरा संरक्षण प्राप्त है।शिव अरोरा ने रुद्रपुर के कांग्रेस नेताओं को चुनौती देते हुए कहा कि वह इस विवादित पोस्ट की फॉरेंसिक जांच की मांग करते हैं। उन्होंने दावा किया कि यदि जांच में यह साबित हो गया कि वह पोस्ट उसी पेज से नहीं डाली गई थी, तो वह राजनीतिक संन्यास ले लेंगे। उन्होंने कहा कि वह सत्य जानते हैं इसीलिए सीना ठोककर फॉरेंसिक जांच की बात कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा बंगाली समाज की हितैषी रही है। भाजपा सरकार ने ही बंगाली समाज के प्रमाण पत्रों से पूर्वी पाकिस्तान शब्द हटाने का ऐतिहासिक कार्य किया और अब बंग भवन बनाने जा रही है, जबकि कांग्रेस की सरकार रहते हुए उन्होंने कभी इस समाज के हित में कार्य नहीं किया।इस दौरान राजकुमार साह, के के दास, जगदीश विश्वास, गोविन्द राय, विजय सीकरी, अशोक ढाली, रविंद्र धर, शंकर विश्वास, मानवेन्द्र राय, मुकेश मंडल, रोबिन विश्वास, शिव कुमार राय, राजू मलिक, राधेश शर्मा, विशाल शील, सिद्धार्थ मलिक, सतनाम सिंह, मनोज मदान और मयंक कक्कड़ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बेहड़ ने किया नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा विधायक तिलक राज बेहड के आवास पर रविवार को यूथ कांग्रेस एवं कांग्रेस संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विधायक बेहड ने सभी नवीन पदाधिकारियों को फूल-माला पहनाकर एवं मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान श्री उवैश अंसारी, फैजल खान एवं सूर्य प्रताप गौतम को यूथ कांग्रेस



ब्लॉक अध्यक्ष तथा अशोक राय एवं पवन बिष्ट को कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में नवीन दायित्व मिलने के उपरांत उनके आवास पर आगमन हुआ। विधायक बेहड ने सभी पदाधिकारियों को उनके नए दायित्व के लिए बधाई देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती और जनसेवा के कार्यों में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी।उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ करते हुए क्षेत्र के विकास एवं जनता की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ प्रदेश में सरकार बनेगी। नवनियुक्त पदाधिकारी अभी से ही चुनाव के लिए कमर कस लें व कांग्रेस की रीति नीतियों का प्रचार जन जन तक पहुंचाएं। इस अवसर पर इस अवसर पर मोहनखेड़ा, संजय जुनेजा, सर्वेश कुमार सिंह, दिनेश पंत, परिमल राय, तरुण नेगी, अशोक मंडल, मोनिका ढाली, सोफिया नाज, फरमान सिद्दीकी, उमर अली, सुरेंद्र सिंह, सहित अनेकों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना के मामले में स्कूटी चालक पर केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा बाईपास रोड पर पुराना कोर्ट के पास एक तेज रफ्तार स्कूटी चालक ने पैदल चल रहे व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति का आईसीयू में उपचार चल रहा है और उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर स्कूटी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।संजय नगर वार्ड नंबर 11 निवासी लक्ष्मी मंडल ने रम्पुरा पुलिस चौकी में दी तहरीर में बताया कि 29 मार्च 2026 की दोपहर उनके पति गौतम मंडल पुराना कोर्ट के पास सड़क किनारे पैदल चल रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही स्कूटी संख्या यूके 07 एचई 3575 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गौतम मंडल के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गौतम अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित पत्नी के अनुसार उनके पति घटना के समय से ही बेहोश हैं और आईसीयू में जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। अब तक उनके उपचार पर करीब 6.50 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं और चिकित्सकों ने उन्हें एम्स ऋषिकेश रेफर करने की सलाह दी है। तहरीर में यह भी बताया गया कि स्कूटी चालक शुरू में घायल को अस्पताल ले गया था लेकिन वहां से मौका पाकर फरार हो गया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी स्कूटी चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला पंजीकृत कर लिया है। एएसआई संतोष कुमार ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।




# नशा तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही, तीन तस्करों से 2.80 करोड़ का गांजा बरामद

## ओडिशा से लाई जा रही नशे की बड़ी खेप पकड़ी

रूद्रपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के "नशा मुक्त देवभूमि" संकल्प को मजबूती देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में ऊधमसिंह नगर पुलिस ने नशा तस्करों के विरुद्ध ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। पुलिस ने लगभग 2 करोड़ 80 लाख रुपये मूल्य का 558.78 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है, जिसे राज्य में नशा तस्करों के विरुद्ध अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही माना जा रहा है। मामले में कैंटर वाहन सहित तीन शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति द्वारा जनपद में चलाए जा रहे ष्ऑपरेशन प्रहारष् के अंतर्गत 18 अप्रैल 2026 को कोतवाली रूद्रपुर और एसओजी की संयुक्त टीम ने बागवाला फ्लाईओवर के पास सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सूचना के आधार पर सर्विस रोड पर घेराबंदी कर एक संदिग्ध कैंटर संख्या यूपी 81 एफटी 5851 को रोका गया। क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर की उपस्थिति में जब वाहन की तलाशी ली गई, तो पुलिस टीम दंग रह गई। तस्करों ने सुतली रस्सियों के गट्ठरों के बीच अत्यंत सुनियोजित तरीके से 18 प्लास्टिक के कट्टों और तीन स्कूली बैगों में भारी मात्रा में गांजा छुपाकर रखा था।पुलिस ने मौके से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिनमें संजय गुप्ता निवासी दूधिया नगर रूद्रपुर, डीटू यादव और मोहित यादव निवासीगण मैनपुरी (उत्तर प्रदेश) शामिल हैं। अभियुक्तों से 558.78 किलो गांजे के साथ ही 5 मोबाइल फोन, 29,880 रुपये नगद और तस्करी में प्रयुक्त कैंटर बरामद किया गया है। पूछताछ में तस्करों ने खुलासा किया कि वे यह खेप ओडिशा के सोनपुर क्षेत्र से लाकर रूद्रपुर में स्थानीय तस्करों को सप्लाई करने की फिराक में थे। मुख्य अभियुक्त संजय गुप्ता का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है और उसके विरुद्ध पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के कई मामले दर्ज हैं। साथ ही उसकी



करीब 3 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति को सीज करने की कार्यवाही भी गतिमान है। एसएसपी अजय गणपति ने पुलिस टीम के इस उत्कृष्ट कार्य के लिए 7,500 रुपये के पुरस्कार की घोषणा की है। उन्होंने सख्त संदेश देते हुए कहा कि जनपद में नशा तस्करी के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है और इस अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। सफलता पाने वाली टीम में चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक जीवन सिंह, कांस्टेबल वीरेन्द्र सिंह, कृष्णा टम्टा, पंकज बिनवाल, ललित कुमार और भूपेंद्र आर्य शामिल रहे। अभियुक्तों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# आर्मी की वर्दी पहन खुद को मेजर बताने वाला संदिग्ध गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जन शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आर्मी की वर्दी का दुरुपयोग कर खुद को मेजर बताने वाले संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 18 अप्रैल को मेजर अजय पाठक पुत्र पूरन चन्द्र पाठक निवासी वार्ड 6, गीतांजली गली, शीशमहल काठगोदाम द्वारा वॉकवे मॉल के पास एक व्यक्ति को सेना की वर्दी पहने हुए संदिग्ध अवस्था में देखा गया। उक्त व्यक्ति स्वयं को आर्मी में "मेजर" बताते हुए अपना नाम मेजर अमन बता रहा था।मेजर अजय पाठक को उक्त व्यक्ति की वर्दी धारण करने की शैली एवं गतिविधियाँ संदिग्ध प्रतीत होने पर उन्होंने तत्काल पुलिस टीम को सूचना दी। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर उक्त व्यक्ति से पूछताछ की गई, किन्तु वह अपने संबंध में कोई ठोस एवं सत्य जानकारी उपलब्ध नहीं करा सका। मामले की सूचना डॉ० मंजूनाथ टीसी,



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दी गई। जिस पर उन्होंने उक्त व्यक्ति के विरुद्ध तत्काल आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देश दिए। संदिग्ध व्यक्ति को पूछताछ हेतु थाना काठगोदाम लाया गया।सेना की वर्दी का दुरुपयोग एवं संदिग्ध गतिविधियों को दृष्टिगत रखते हुए मेजर अजय पाठक द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर विमल मिश्रा, थानाध्यक्ष काठगोदाम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया।पूछताछ के दौरान उक्त व्यक्ति ने अपना नाम अमन उर्फ अमन रोमसन पुत्र क्रिस्टोफर मसीह निवासी नौषर नसर, खटीमा बताया। वर्तमान में वह सुचेतना समाज सेवा केन्द्र, निर्मला कान्वेंट स्कूल के पास, थाना काठगोदाम क्षेत्र में कार्यरत है।पूछताछ में यह भी प्रकाश में आया कि उसे सेना के प्रति अत्यधिक आकर्षण है तथा सेना में भर्ती होने की तीव्र इच्छा थी, किन्तु भर्ती में असफल होने के कारण उसने सेना की वर्दी धारण की। इंटेलिजेंस यूनिट एवं सीएमपी द्वारा भी पूछताछ की जा रही है।